आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**अपने ग्राहक को जानिए**

**[केवाईसी] और**

**धन-शोधन विरोधी (एंटी मनी लॉन्ड्रिंग) [एएमएल] उपाय नीति**

*(संशोधन 30 जनवरी 2026 से प्रभावी)*

*(संस्करण - XV)*

| संस्करण संख्या | प्रभावी तिथि | निदेशक मंडल के अनुमोदन की तिथि |
|---|---|---|
| I | दिसम्बर, 2010 | 27दिसम्बर, 2010 |
| II | अक्तूबर 2015 | 19 अक्तूबर, 2015 |
| III | अप्रैल 2017 | 28 मार्च, 2017 |
| IV | अप्रैल 2018 | 24 अप्रैल, 2018 |
| V | अप्रैल 2019 | 30 अप्रैल, 2019 |
| VI | अगस्त 2020 | 18 अगस्त, 2020 |
| VII | मई 2021 | 28 मई, 2021 |
| VIII | फरवरी 2022 | 14फरवरी, 2022 |
| IX | अगस्त 2023 | 09 अगस्त, 2023 |
| X | जनवरी 2024 | 10 जनवरी, 2024 |
| XI | फरवरी 2024 | 08 फरवरी, 2024 |
| XII | अगस्त, 2024 | 7 अगस्त, 2024 |
| XIII | मार्च, 2025 | 26 मार्च, 2025 |
| XIV | जुलाई, 2025 | 25 जुलाई, 2025 |
| XV | जनवरी, 2026 | 30 जनवरी, 2026 |

**विषय-सूची**

| क्रम सं | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | **परिचय** | 4-5 |
| 2 | अध्याय-I<br>प्रयोजनीयता और परिभाषाएँ | 6-13 |
| 3 | अध्याय-**II**<br>सामान्य | 14-15 |
| 4 | अध्याय **– III**<br>ग्राहक स्वीकरण नीति | 16-17 |
| 5 | अध्याय **– IV**<br>जोखिम प्रबंधन | 18-19 |
| 6 | अध्याय **– V**<br>ग्राहक पहचान प्रक्रिया (सीआईपी) | 20 |
| 7 | अध्याय - **VI**<br>ग्राहक समुचित सावधानी (सीडीडी) प्रक्रिया:<br>भाग **I -** व्यक्तिगत मामले में ग्राहक समुचित सावधानी (सीडीडी) प्रक्रिया | 21-27 |
| | भाग II- स्वत्वधारित प्रतिष्ठानों के लिए सीडीडी उपाय | 28 |
| | भाग III- विधिक संस्थाओं के लिए सीडीडी उपाय | 28-29 |
| | भाग IV - हिताधिकारी स्वामी की पहचान | 30 |
| | भागV – सतत समुचित सावधानी (ऑन-गोइंग ड्यू डिलिजेंस) | 30 |
| | भागVI – संवर्धित और सरलीकृत समुचित सावधानी प्रक्रिया | 34-36 |
| 8 | अध्याय – VII<br>अभिलेख प्रबंधन | 37 |
| 9 | अध्याय **– VIII**<br>वित्तीय आसूचना इकाई –भारत को रिपोर्टिंग की अपेक्षाएँ | 38 |
| 10 | अध्याय **– IX**<br>अंतरराष्ट्रीय करारों के तहत अपेक्षाएँ/बाध्यताएँ | 39 |
| 11 | अध्याय - **X**<br>अन्य अनुदेश | 43 |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | अनुलग्नक **I**<br>डिजिटल केवाईसी प्रक्रिया | 48-49 |
| 13 | अनुलग्नक **II**<br>कम जोखिम श्रेणी के ग्राहकों के लिए विचार किए जा सकने वाले अतिरिक्त केवाईसी दस्तावेजों की सूची | 50-51 |
| 14 | अनुलग्नक **III**<br>फर्मों / कंपनियों के लिए प्राप्त किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची | 52 |
| 15 | अनुलग्नक **IV**<br>सीटीआर/एसटीआर लेनदेन की निर्देश सूची | 53 |

**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
**अपने ग्राहक को जानिए [केवाईसी] और**
**धन-शोधन विरोधी (एएमएल) उपाय नीति**

## 1. परिचय

कंपनी, आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को वर्ष 1990 में निगमित किया गया था और नेशनल हाउसिंग बैंक आरबीआई/एनएचबी के साथ पंजीकृत किया गया थाऔर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इसको विनियमित किया जाता है। कंपनी ने केवाईसी और एएमएल पॉलिसी (नीति) को एनएचबी की आवश्यकताओं के अनुसार अपनाया है, साथ ही कंपनी के निदेशक मंडल के अनुमोदन से समय-समय पर इस नीति को संशोधित और परिशोधित किया गया है।

यह नीति शुरू में एनएचबी द्वारा जारी 'अपने ग्राहक को जानिए' (केवाईसी) दिशानिर्देशों तथा और सर्वोत्तम कॉर्पोरेट प्रथाओं के भाग के रूप में धन-शोधन विरोधी मानकों से संबंधित अधिसूचना के अनुपालन में तैयार की गई थी। नीचे दी गई सारणी में उल्लेख किए गए अनुसार समय-समय पर एनएचबी / आरबीआई द्वारा जारी निर्देशों में किए गए संशोधनों के अनुरूप इस नीति का पुनरीक्षण किया गया और इसे अद्यतन किया गया :

| क्र.सं. | परिपत्र/मास्टर निदेश सं. | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | एनएचबी (एनडी)/डीआरएस/नीति सं.13/2006 | 10 अप्रैल 2006 |
| 2 | एनएचबी/एनडी/डीआरएस/नीति सं. 33/2010-11 | 11 अक्तूबर 2011 |
| 3 | एनएचबी(एनडी)/डीआरएस/आरईजी/एमसी-04/2018 | 02 जुलाई 2018 |
| 4 | एनएचबी/एनडी/डीआरएस/नीति परिपत्र सं. 94/2018-19 | 11 मार्च 2019 |
| 5 | आरबीआई/2019-20/235, डीओआर.एनबीएफसी (एचएफसी).सीसी.सं.111/03.10.136/2019-20 | 19 मई 2020 |
| 6 | आरबीआई/डीबीआर/2015-16/18 मास्टर निदेश डीबीआर.एएमएल.बीसी.सं.81/ 14.01.001/2015-16 | 20 अप्रैल 2020 |
| 7 | आरबीआई/2021-22/35 डीओआर.एएमएल.आरईसी.सं.15/14.01.001/2021-22 | 10 मई 2021 |
| 8 | आरबीआई/2023-24/24 डीओआर.एएमएल.आरईसी.111/14.01.001/2023-24 | 28 अप्रैल 2023 |
| 9 | आरबीआई/2023-24/25 डीओआर.एएमएल.आरईसी.13/14.01.001/2023-24 | 04 मई 2023 |
| 10 | आरबीआई/2023-24/69-डीओआर.एएमएल.आरईसी.44/14.01.001/2023-24 | 17 अक्तूबर 2023 |
| 11 | आरबीआई/2023-24/107 डीओआर.एएमएल.आरईसी.66/14.01.001/2023-24 | 04 जनवरी 2024 |
| 12 | आरबीआई/2024-2025/87 डीओआर.एएमएल.आरईसी.49/14.01.001/2024-25 | 06 नवंबर 2024 |
| 13 | आरबीआई/2025-26/51 डीओआर.एएमएल.आरईसी.30/14.01.001/2025-26 | 12 जून 2025 |
| 14 | आरबीआई/2025-26/53 डीओआर.एएमएल.आरईसी.31/14.01.001/2025-26 | 12 जून 2025 |

इसके अलावा, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 और धन-शोधन निवारण (अभिलेखों का रख रखाव) नियम, 2005 (समय-समय पर संशोधित) के प्रावधानों के संदर्भ में, या तो खाता आधारित संबंध स्थापित करके या अन्यथा द्वारा लेन-देन करते समय और उनके लेनदेन की निगरानी द्वारा, कंपनी को कुछ ग्राहक पहचान प्रक्रियाओं को पालन करने की आवश्यकता थी, एएचएफएल धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 और धन-शोधन निवारण (अभिलेखों का रखरखाव) नियम, 2005 के प्रावधानों को लागू करने के लिए कदम उठाएगी, जैसा भी लागू हो और समय-समय प रसंशोधित किया गया हो। इस प्रकार, इस नीति को ग्राहकों और उनके वित्तीय व्यवहारों को बेहतर ढंग से जानने/समझने के लिए तैयार किया गया है जो बदले में कंपनी को उनके जोखिमों को विवेकपूर्ण तरीके से प्रबंधित करने में मदद करेगा और धन-शोधन (मनीलॉन्ड्रिंग) गतिविधियों के लिए आपराधिक तत्वों द्वारा उपयोग किए जाने से बचने में मदद करेगा।

इस नीति का पुनरीक्षण भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा परिपत्र संख्या आरबीआई/डीओआर/2025-26/361 डीओआर.एएमएल.आरईसी.सं.280/14.01.003/2025-26, “भारतीय रिज़र्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ – अपने ग्राहक को जानिए) निदेश, 2025” दिनांक 28 नवंबर 2025 तथा परिपत्र डीओआर.एएमएल.आरईसी.364/14.01.003/2025-26, “भारतीय रिज़र्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ – अपने ग्राहक को जानिए) संशोधन निदेश, 2025” दिनांक 29 दिसंबर 2025 के माध्यम से जारी नवीनतम संशोधन के अनुपालन में किया गया है।

**अध्याय 1**

**प्रयोजनीयता और परिभाषाएं**

**2. प्रयोजनीयता**

ये निदेश सभी श्रेणियों की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (जिन्हें आगे सामूहिक रूप से 'एनबीएफसी' और पृथक रूप से एक 'एनबीएफसी' कहा गया है) पर लागू होंगे तथा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित प्रत्येक संस्था पर लागू होंगे, विशेष रूप से केवाईसी संबंधी मास्टर निदेश के खंड 3 (ख) (xiv) में परिभाषित संस्थाओं पर, जब तक कि अन्यथा विशेष रूप से उल्लेख न किया गया हो।

ये निदेश कंपनी की उन शाखाओं तथा बहुलांश स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों, जो विदेश में स्थित हैं, पर भी उस सीमा तक लागू होंगे जहाँ तक वे मेज़बान देश के स्थानीय कानूनों के प्रतिकूल न हों, बशर्ते कि:

i. जहां लागू कानून और विनियम इन दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन को प्रतिबंधित करते हैं, उन्हें आरबीआई के ध्यान में लाया जाएगा।आरबीआई द्वारा कंपनी को एमएल/टीएफ जोखिमों के प्रबंधन के लिए कंपनी द्वारा उठाए जाने वाले अतिरिक्त उपायों को लागू करने सहित आगे की आवश्यक कार्रवाई की सलाह दी जा सकती है।

ii. यदि भारतीय रिजर्व बैंक और मेजबान देश के नियामकों द्वारा निर्धारित केवाईसी/एएमएल मानकों में कोई भिन्नता है, तो कंपनी की शाखाओं/सहायक कंपनियों को दोनों में से अधिक कठोर विनियमों का अनुपालन करना होगा।

इस नीति में खाते के किसी भी संदर्भ को ऋण खाते या उधार लेनदेन के संदर्भ में समझा जाएगा। कंपनी अब जमाराशियाँ स्वीकार नहीं कर सकती, हालाँकि, केवल प्रासंगिक सीमा तक आवश्यकताएँ मौजूदा जमाराशियों पर भी लागू होंगी।

**3. परिभाषाएं**

नीति के उद्देश्यों के लिए, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, यहां दी गई शर्तों का अर्थ निर्देशोंके साथ-साथ धन-शोधन निवारण नियम, 2005 के साथ पठित धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002(अभिलेखों का रखरखाव) के लिए निर्दिष्ट होगा। उदाहरण के तौर पर, इस नीति के संदर्भ में, निम्नलिखित शर्तों के निर्दिष्ट अर्थ (निर्देशों, अधिनियम और नियमों के प्रावधानों के अधीन) होंगे :

i. "आधार संख्या" का अर्थ आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 (2016 का 18) की धारा 2 के खंड (ए) में दिया गया अर्थ होगा;

ii. "अधिनियम" और "नियम" का अर्थ है धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 और धन शोधन निवारण (अभिलेखों का रखरखाव) नियम, 2005, और उसमें संशोधन।

iii. आधार प्रमाणीकरण के संदर्भ में "प्रमाणीकरण", का अर्थ आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 की धारा 2 की उप-धारा (सी) के तहत परिभाषित प्रक्रिया है।

iv. हिताधिकारी स्वामी (बीओ):-

   क. जहां **ग्राहक एक कंपनी** है, हिताधिकारी स्वामी वह प्राकृतिक व्यक्ति है, जो अकेले या एक साथ कार्य कर रहा है, या एक या एक से अधिक न्यायिक व्यक्तियों के माध्यम से, एक नियंत्रित स्वामित्व हित रखता है या जो अन्य माध्यमों से नियंत्रण रखता है।
   
   व्याख्या- इस उपखंड के उद्देश्य के लिए-

1. "स्वामित्व हित को नियंत्रित करना" का अर्थ है कंपनी के शेयरों या पूंजी या मुनाफे के 25 प्रतिशत से अधिक का स्वामित्व / हकदारी।

2. "नियंत्रण" में अधिकांश निदेशकों को नियुक्त करने या प्रबंधन या नीतिगत निर्णयों को नियंत्रित करने का अधिकार शामिल होगा, जिसमें उनकी शेयरधारिता या प्रबंधन अधिकार या शेयरधारकों के समझौते या मतदान समझौते शामिल हैं।

ख. जहां **ग्राहक एक साझेदारी फर्म** है, हिताधिकारी स्वामी प्राकृतिक व्यक्ति है, जो अकेले या एक साथ कार्य कर रहा है, या एक या एक से अधिक न्यायिक व्यक्ति के माध्यम से, पूंजी के 10 प्रतिशत से अधिक या साझेदारी के लाभ का स्वामित्व/हकदार है या जो अन्य साधनों के माध्यम से नियंत्रण लागू करता है।
स्पष्टीकरण- इस उप-खंड के प्रयोजन के लिए, "नियंत्रण" में प्रबंधन या नीति निर्णय को नियंत्रित करने का अधिकार शामिल होगा।

ग. जहां **ग्राहक एक अनिगमित संघ या व्यक्तियों का निकाय** है, हिताधिकारी स्वामी वह नैसर्गिक व्यक्ति है, जो अकेले या एक साथ कार्य कर रहा है, या एक या अधिक न्यायिक व्यक्ति के माध्यम से, अनिगमित संघ या व्यक्तियों के निकाय की संपत्ति या पूंजी या लाभ के 15 प्रतिशत से अधिक का स्वामित्व/हकदार है।
स्पष्टीकरण: शब्द 'व्यक्तियों का निकाय' में सोसाइटी शामिल हैं। जहां ऊपर (क), (ख) या (ग) के तहत किसी भी नैसर्गिक व्यक्ति की पहचान नहीं की जाती है, हिताधिकारी स्वामी प्रासंगिक नैसर्गिक व्यक्ति होता है जो वरिष्ठ प्रबंध अधिकारी का पद धारण किए हो।

घ. जहां ग्राहक कोई **न्यास** है, वहां हिताधिकारी स्वामी/स्वामियों की पहचान में ट्रस्ट निर्माता, ट्रस्टी, न्यास में 10% या उससे अधिक के हिताधिकारी और कोई अन्य नैसर्गिक व्यक्ति जो किसी नियंत्रण श्रृंखला या स्वामित्व द्वारा न्यास पर अंतिम प्रभावी नियंत्रण रखता है, की पहचान को शामिल किया जाएगा।

v. "प्रमाणित प्रतिलिपि" - कंपनी द्वारा एक प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त करने का अर्थ होगा आधार संख्या के प्राप्ति के प्रमाण की प्रतिलिपि की तुलना करना (जहां ऑफ़लाइन सत्यापन नहीं किया जा सकता है) या मूल के साथ ग्राहक द्वारा प्रस्तुत आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज और अधिनियम में निहित प्रावधानों के अनुसार कंपनी के अधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिलिपि को रिकॉर्ड करना।

बशर्ते कि अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) के मामले में, जैसा कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन (जमा) विनियम, 2016 (फेमा 5(आर)), में परिभाषित किया गया है, वैकल्पिक रूप से, मूल प्रमाणित प्रतिलिपि, निम्नलिखित में से किसी एक द्वारा प्रमाणित हो सकती है:

• भारत में पंजीकृत अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की विदेशी शाखाओं के अधिकृत अधिकारी,
• विदेशी बैंकों की शाखाएं जिनके साथ भारतीय बैंकों के संबंध हैं,
• विदेश में नोटरी पब्लिक,
• कोर्ट मजिस्ट्रेट,
• न्यायाधीश,
• उस देश में भारतीय दूतावास/महावाणिज्य दूतावास जहां अनिवासी ग्राहक रहता है।

vi ."सेंट्रल केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री" (सीकेवाईसीआर) का अर्थ ग्राहक के डिजिटल रूप में केवाईसी रिकॉर्ड प्राप्त करने, भंडारित करने, सुरक्षित रखने और पुनर्प्राप्त करने के लिए नियमों के नियम 2(1) के तहत परिभाषित एक संस्था है।

vii. **"पदनामित निदेशक"** का आशय है पीएमएल अधिनियम और नियमों के अध्याय IV के तहत लगाए गए दायित्वों के समग्र अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा पदनामित व्यक्ति और निदेशक मंडल द्वारा विधिवत अधिकृत प्रबंध निदेशक या पूर्णकालिक निदेशक होना चाहिए।
स्पष्टीकरण- इस खंड के प्रयोजन के लिए, "प्रबंध निदेशक" और "पूर्णकालिक निदेशक" शब्दों का अर्थ कंपनी अधिनियम, 2013 में उनके लिए निर्दिष्ट अर्थ होगा।

viii. "डिजिटल केवाईसी" का आशय ग्राहक की लाइव फोटो और आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज या आधार की प्राप्ति का प्रमाण कैप्चर करना है (जहां ऑफ़लाइन सत्यापन नहीं किया जा सकता है), अधिनियम में निहित प्रावधानों के अनुसार कंपनी के अधिकृत अधिकारी द्वारा उस स्थान के अक्षांश और देशांतर के साथ जहां ऐसी लाइव फोटो ली जा रहा हो।

ix. "डिजिटल हस्ताक्षर" का वही आशय होगा, जो सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (2000 का 21) की धारा (2) की उपधारा (1) के खंड (p) में दिया गया है।

x. "समकक्ष ई-दस्तावेज" का आशय है दस्तावेज का इलेक्ट्रॉनिक समकक्ष, जो ऐसे दस्तावेज के जारीकर्ता प्राधिकारी द्वारा अपने वैध डिजिटल हस्ताक्षर के साथ जारी किया गया है, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2016 (डिजिटल लॉकर सुविधाएं प्रदान करने वाली मध्यवर्ती संस्थाओं द्वारा सूचना का संरक्षण और प्रतिधारण) के नियम 9 के अनुसार ग्राहक के डिजिटल लॉकर खाते को जारी किए गए दस्तावेज शामिल हैं।

xi. "समूह" - "समूह" शब्दका वही आशय होगा जो आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा286 की उप-धारा (9) के खंड (ड.) में दिया गया है।

xii. "अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) पहचानकर्ता" का आशय, केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री द्वारा ग्राहक को सौंपा गया अद्वितीय नंबर या कोड है।

स्पष्टीकरण : ग्राहक निम्नलिखित माध्यमों से अपना केवाईसी पहचानकर्ता प्राप्त कर सकता है:
ऋण खाता खोलने की प्रक्रिया में, ग्राहक का केवाईसी पहचानकर्ता, सीकेवाईसीआर द्वारा जनरेट किए जाने तथा कंपनी/एनबीएफसी को उपलब्ध कराए जाने के उपरांत, कंपनी/एनबीएफसी उक्त पहचानकर्ता संबंधित ग्राहक के साथ साझा करेगी। ग्राहक सीकेवाईसीआर पोर्टल (www.ckycindia.in) पर भी अपना केवाईसी पहचानकर्ता प्राप्त कर सकता है।

xiii. "गैर-लाभकारी संगठन" (एनपीओ) का आशय, किसी भी संस्था या संगठन से हैजिसका गठन आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खंड (15) में संदर्भित धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए किया गया है जो सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 (2013 का 18) या किसी भी समान राज्य कानून या कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत पंजीकृत कंपनी के तहत ट्रस्ट या सोसायटी के रूप में पंजीकृत है।

xiv. "आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज" (ओवीडी) का आशय है पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार संख्या होने का प्रमाण, भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र, राज्य सरकार के अधिकारी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित नरेगा द्वारा जारी जॉब कार्ड और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र जिसमें नाम और पते का विवरण होता है।
बशर्ते कि,

क. जहां ग्राहक ओवीडी के रूप में आधार संख्या होने का प्रमाण प्रस्तुत करता है, वह इसे भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा जारी किए गए फॉर्म में जमा कर सकता है।

ख. जहां ग्राहक द्वारा प्रस्तुत ओवीडी में अद्यतन पता नहीं है, निम्नलिखित दस्तावेज या उसके समकक्ष ई-दस्तावेजों को पते के प्रमाण के सीमित उद्देश्य के लिए ओवीडी माना जाएगा: -

i. उपयोगिता बिल जो किसी भी सेवा प्रदाता (बिजली, टेलीफोन, पोस्ट-पेड मोबाइल फोन, पाइप गैस, पानी बिल) का दो

महीने से अधिक पुराना नहीं है;

ii. संपत्ति या नगरपालिका कर रसीद;

iii. सरकारी विभागों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जारी पेंशन या पारिवारिक पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ), यदि उनमें पता है;

iv. राज्य सरकार या केंद्र सरकार के विभागों, वैधानिक या नियामक निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, वित्तीय संस्थानों और सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा जारी नियोक्ता से आवास के आवंटन का पत्र और आधिकारिक आवास आवंटित करने वाले ऐसे नियोक्ताओं के साथ लीव और लाइसेंस समझौते;

उदाहरण : यदि कोई ग्राहक चेन्नई में रह रहा है किंतु उसके ओवीडी में नई दिल्ली का पता अंकित है, तो वह पते के प्रमाण के उद्देश्य के लिए *ओवीडी के समतुल्य माने जाने वाला दस्तावेज* प्रस्तुत करके चेन्नई में खाता खोल सकता है। हालांकि, जैसा नीचे खंड (c) में उल्लिखित है, उसे तीन माह की अवधि के भीतर वर्तमान पते सहित ओवीडी प्रस्तुत करना होगा।

ग. ग्राहक ऊपर 'ख' में निर्दिष्ट दस्तावेज जमा करने के तीन महीने की अवधि के भीतर वर्तमान पते के साथ ओवीडी जमा करेगा।

घ. जहां विदेशी नागरिक द्वारा प्रस्तुत ओवीडी में पते का विवरण नहीं होता है, ऐसे मामले में विदेशी न्यायाधिकार के सरकारी विभागों द्वारा जारी दस्तावेज और भारत में विदेशी दूतावास या मिशन द्वारा जारी पत्र, पते के प्रमाण के रूप में स्वीकार किए जाएंगे।

स्पष्टीकरण: इस खंड के प्रयोजन के लिए, दस्तावेज को ओवीडी माना जाएगा, भले ही इसके जारी होने के बाद नाम में कोई परिवर्तन हो, बशर्ते कि यह राज्य सरकार द्वारा जारी विवाह प्रमाण पत्र या राजपत्र अधिसूचना द्वारा समर्थित हो, जो नाम के परिवर्तन का संकेत देता हो।

xv. "ऑफलाइन सत्यापन" का वही आशय होगा, जो आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 (2016 का 18) की धारा 2 के खंड (पीए) में दिया गया है।

xvi. "व्यक्ति" का वही आशय है, जो अधिनियम में निर्दिष्ट है और इसमें शामिल हैं:

क) एक व्यक्ति,

ख) हिंदू अविभाजित परिवार,

ग) कंपनी,

घ) एकल व्यक्ति कंपनी

ङ) साझेदारी फर्म / सीमित दायित्व वाली साझेदारी फर्म

च) व्यक्तियों का संघ या व्यक्तियों का निकाय, चाहे निगमित हो या नहीं;

छ) प्रत्येक कृत्रिम न्यायिक व्यक्ति, उपरोक्त व्यक्तियों (क से च) में से किसी एक के अंतर्गत नहीं आता है, और

ज) उपरोक्त व्यक्तियों (क से छ) में से किसी के स्वामित्व या नियंत्रण वाली कोई एजेंसी, कार्यालय या शाखा ।

xvii. "प्रधान अधिकारी" का आशय, कंपनी द्वाराप्रबंधन स्तरीय नामित उस अधिकारी से है, जो नियमों के नियम 8 के अनुसार जानकारी प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है।

xviii. "संदिग्ध लेन-देन" का आशय है एक "लेन-देन" जैसा कि नीचे परिभाषित किया गया है, जिसमें लेन-देन का प्रयास शामिल है, भले ही वह नकद में किया गया हो या नहीं, जो सद्भाव में कार्य करने वाले व्यक्ति के लिए :

क. संदेह के उचित आधार को जन्म देता है कि इसमें अधिनियम की अनुसूची में निर्दिष्ट अपराध की आय शामिल हो सकती

है, इसमें शामिल मूल्य की परवाह किए बिना; या

ख. असामान्य या अनुचित जटिलता की परिस्थितियों में बनाया गया प्रतीत होता है; या

ग. ऐसा प्रतीत होता है कि आर्थिक औचित्य या *वास्तविक उद्देश्य* नहीं है; या

घ. संदेह के उचित आधार को जन्म देता है कि इसमें आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों का वित्तपोषण शामिल हो सकता है।

स्पष्टीकरण: आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों के वित्तपोषण से जुड़े लेनदेन जिनमें वे लेनदेन शामिल हैं जिनकी निधियों का संबंध आतंकवाद या आतंकी गतिविधियों से होने का संदेह हो या किसी आतंकी अथवा आतंकी संगठन या आतंकवाद को वित्तपोषित करने या वित्तपोषण का प्रयास कर रहे व्यक्तियों द्वारा प्रयुक्त होने का संदेह हो।

xix. "लेन-देन" का आशय है खरीद, बिक्री, ऋण, गिरवी, उपहार, हस्तांतरण, वितरण या उसकी व्यवस्था और इसमें शामिल हैं:

क. खाता खोलना;

ख. जमा, निकासी, विनिमय या किसी भी मुद्रा में धन का हस्तांतरण, चाहे नकद या चेक, भुगतान आदेश या अन्य उपकरणों या इलेक्ट्रॉनिक या अन्य गैर-भौतिक माध्यमों से हो;

ग. सुरक्षा जमा बॉक्स या सुरक्षित जमा के किसी अन्य रूप का उपयोग;

घ. किसी भी प्रत्ययी संबंध में प्रवेश करना;

ङ. किसी भी संविदात्मक या अन्य कानूनी दायित्व के लिए, पूर्ण या आंशिक रूप से किया गया या प्राप्त किया गया कोई भी भुगतान; या

च. कानूनी व्यक्ति या कानूनी व्यवस्था की स्थापना या निर्माण।

केवाईसी पर मास्टर निदेश में निर्दिष्ट अर्थ वाली शर्तें, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, उनके लिए नीचे दिए गए अर्थ होंगे:

i. “सामान्य रिपोर्टिंग मानक” (सीआरएस) से तात्पर्य है कर मामलों में आपसी प्रशासनिक सहयोग कन्वेंशन में हस्ताक्षरित बहुपक्षीय करार के अनुच्छेद 6 के आधार पर स्वतः सूचना के विनिमय के कार्यान्वयन के लिए निर्धारित रिपोर्टिंग मानक।

ii. ‘ग्राहक' से तात्पर्य किसी ऐसे व्यक्ति से है जो किसी कंपनी के साथ किसी वित्तीय लेनदेन या गतिविधि में शामिल है तथा इसमें ऐसा व्यक्ति भी शामिल है जिसकी ओर से ऐसे लेनदेन अथवा गतिविधि में कोई व्यक्ति भाग ले रहा है।

iii. “वॉक इन कस्टमर” अर्थात नवागंतुक ग्राहक से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है, जिसका कंपनी से खाता आधारित संबंध नहीं है लेकिन कंपनी से लेनदेन करता है।

iv. “ग्राहक संबंधी समुचित सावधानी' (सीडीडी)" का अभिप्राय पहचान के विश्वसनीय और स्वतंत्र स्रोतों का उपयोग करके ग्राहक और लाभकारी मालिक की पहचान करना और सत्यापन करना।

व्याख्या- खाता-आधारित रिश्तों की शुरुआत के समय या पचास हजार रुपये के बराबर या उससे अधिक राशि के कभी-कभार लेनदेन के समय, फिर चाहे ऐसा एकल लेनदेन के रूप में किया गया हो या कई लेनदेनों के माध्यम से, जो जुड़े हुए प्रतीत होते हों, या कोई भी अंतर्राष्ट्रीय धन हस्तांतरण किया जाता है, तो सीडीडी में निम्नलिखित शामिल होंगे:

क. ग्राहक की पहचान, पहचान के विश्वसनीय और स्वतंत्र स्रोतों का उपयोग करके उनकी पहचान का सत्यापन, जहां लागू हो, व्यावसायिक संबंध के उद्देश्य और आशयित प्रकृति के बारे में जानकारी प्राप्त करना;

ख. ग्राहक के व्यवसाय की प्रकृति, उसके स्वामित्व और नियंत्रण को समझने के लिए उचित कदम उठाना;

ग. यह निर्धारित करना कि क्या कोई ग्राहक किसी हिताधिकारी स्वामी की ओर से कार्य कर रहा है, और हिताधिकारी स्वामी की पहचान करना और पहचान के विश्वसनीय और स्वतंत्र स्रोतों का उपयोग करके हिताधिकारी स्वामी की पहचान को सत्यापित करने के लिए समस्त कदम उठाना। ग्राहक और हिताधिकारी स्वामी की पहचान करना और उनका सत्यापन

करना है।

v. "ग्राहक पहचान" का अभिप्राय सीडीडी की प्रक्रिया शुरू करना है।

vi. "एफएटीसीए " का अर्थ संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) का विदेशी खाता कर अनुपालन अधिनियम है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ, विदेशी वित्तीय संस्थानों को यू.एस. कर दाताओं या विदेशी संस्थाओं द्वारा रखे गए वित्तीय खातों के बारे में रिपोर्ट करने की आवश्यकता होती है, जिसमें यू.एस. (अमेरिकी) कर दाता पर्याप्त स्वामित्व हित रखते हैं।

vii. "आईजीए" का अभिप्राय अंतरराष्ट्रीय कर अनुपालन में सुधार और यूएसए के एफएटीसीए को लागू करने के लिए भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकारों के बीच अंतर सरकारी समझौता है।

viii. "केवाईसी टेम्प्लेट" का अभिप्राय व्यक्तियों और विधिक संस्थाओं के लिए केवाईसी डेटा को सीकेवाईसीआर को रिपोर्ट करने और रिपोर्ट करने की सुविधा के लिए तैयार किए गए टेम्प्लेट से है।

ix. "अप्रत्यक्ष ग्राहक" का अभिप्राय है ऐसे ग्राहक जो कंपनी की शाखा/कार्यालयों में गए बिना या कंपनी के अधिकारियों से मिले बिना ऋण खाते खोलते हैं।

x. ""सतत समुचित सावधानी"" का अभिप्राय है यह सुनिश्चित करने के लिए ऋण खातों में लेनदेन की नियमित निगरानी करना है कंपनी की जानकारी के अनुसार वे ग्राहकों, ग्राहकों के व्यवसाय और जोखिम प्रोफ़ाइल और धन/सम्पदा के स्रोत के बारे में कंपनी के अनुरूप हैं।
"भुगतान योग्य खाते" शब्द भुगतान योग्य खाते उन संवाददाता खातों को संदर्भित करता है जिनका उपयोग सीधे तीसरे पक्ष द्वारा अपनी ओर से व्यापार करने के लिए किया जाता है।

xi. "आवधिक अद्यतनीकरण" का अभिप्राय यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदम हैं कि सीडीडी प्रक्रिया के तहत एकत्र किए गए दस्तावेज, डेटा या जानकारी को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित समय-समय पर मौजूदा रिकॉर्ड की समीक्षा करके अद्यतन और प्रासंगिक रखा जाता है।

xii. "विनियमित इकाईयां" (आरई) का अर्थ है:-

(क) सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) / क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) / स्थानीय क्षेत्र बैंक (एलएबी) / सभी प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक (यूसीबी) / राज्य और केंद्रीय सहकारी बैंक (एसटीसीबी / सीसीबी) और कोई अन्य इकाई जिसे बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अंतर्गत लाइसेंस प्राप्त है, जिसे एक समूह के रूप में 'बैंक' कहा जाएगा।

(ख) अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान (एआईएफआई)

(ग) सभी गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियां (एनबीएफसी), विविध गैर-बैंकिंग कंपनियां (एमएनबीसी) और शेष गैर-बैंकिंग कंपनियां (आरएनबीसी)।

(घ) संपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियां (एआरसी)

(ड़) सभी भुगतान प्रणाली प्रदाता (पीएसपी)/ सिस्टम भागीदार (एसपी) और प्रीपेड भुगतान इंस्ट्रुमेंट जारीकर्ता (पीपीआईजारीकर्ता)

(च) नियामक द्वारा विनियमित मनी ट्रांसफर सेवा योजना (एमटीएसएस) के एजेंटों सहित सभी अधिकृत व्यक्ति (एपी)।

नेशनल हाउसिंग बैंक के यहां पंजीकृत और भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचनाओं के अनुसार विनियमित विनियमित हाउसिंग फाइनेंस कंपनी होने के कारण कंपनी को विनियमित इकाई माना जाता है।

xiii. "शेल बैंक" का अर्थ एक ऐसा बैंक है जिसकी उस देश में कोई वास्तविक मौजूदगी नहीं है जहां इसे निगमित और लाइसेंस प्राप्त है, और जो एक विनियमित वित्तीय समूह से असंबद्ध है जो प्रभावी समेकित पर्यवेक्षण के अध्यधीन आता है। वास्तविक मौजूदगी का अर्थ है किसी देश के भीतर स्थित अर्थपूर्ण विचार और प्रबंधन। केवल स्थानीय एजेंट या निचले स्तर के कर्मचारियों के अस्तित्व को वास्तविकमौजूदगी नहींमाना जाता है।

xiv. "वीडियो आधारित ग्राहक पहचान प्रक्रिया (वी-सीआईपी)": चेहरे की पहचान के साथ ग्राहक की पहचान की एक वैकल्पिक विधि और कंपनी के किसी अधिकृत अधिकारी द्वारा सीडीडी के उद्देश्य से अपेक्षित पहचान जानकारी को प्राप्त करने, स्वतंत्र सत्यापन और प्रक्रिया के लेखा-परीक्षा ट्रेल को बनाए रखते हुए के लिए ग्राहक के साथ सहज, सुरक्षित, लाइव, सूचित-सहमति आधारित ऑडियो-विजुअल के जरिए परस्पर बातचीत करके 'सतत समुचित सावधानी' को किया जाता है ताकि ग्राहक द्वारा प्रदान की गई जानकारी की सत्यता को सत्यापित की जा सके। निर्धारित मानकों और प्रक्रियाओं का अनुपालन करने वाली ऐसी प्रक्रियाओं को इस मास्टर निर्देश के प्रयोजन के लिए प्रत्यक्ष सीआईपी के समकक्ष माना जाएगा।

xv. "वायर ट्रांसफर" से संबंधित परिभाषा निम्नलिखित है-

क) बैच ट्रांसफर: बैच ट्रांसफ़र एक ऐसा ट्रांसफ़र है जिसमें कई व्यक्तिगत वायर ट्रांसफ़र शामिल होते हैं जिनको एक ही वित्तीय संस्थान को भेजा जा रहा है, लेकिन ये अंततः विभिन्न व्यक्तियों के लिए अभिप्रेत हो सकते हैं/नहीं भी हो सकते हैं।

ख) लाभार्थी :लाभार्थी एक प्राकृतिक या कानूनी व्यक्ति या कानूनी व्यवस्था को संदर्भित करता है जिसकी पहचान प्रवर्तक द्वारा अनुरोध किए गए वायर ट्रांसफर के प्राप्तकर्ता के रूप में की जाती है।

ग) लाभार्थी कंपनी: यह आरबीआई द्वारा विनियमित किसी वित्तीय संस्थान को संदर्भित करता है, जो ऑर्डर देने वाले वित्तीय संस्थान से सीधे या मध्यस्थ कंपनी के माध्यम से वायर ट्रांसफर प्राप्त करता है और लाभार्थी को फंड्स उपलब्ध कराता है।

घ) कवर भुगतान: कवर भुगतान वायर ट्रांसफर को संदर्भित करता है जो ऑर्डर करने वाले वित्तीय संस्थान द्वारा लाभार्थी वित्तीय संस्थान को सीधे भेजे गए भुगतान संदेश को एक या अधिक मध्यस्थ वित्तीय संस्थानों के माध्यम से ऑर्डर करने वाले वित्तीय संस्थान से लाभार्थी वित्तीय संस्थान तक फंडिंग निर्देश (कवर) के रूटिंग के साथ जोड़ता है।

ङ) क्रॉस-बॉर्डर वायर ट्रांसफर :क्रॉस-बॉर्डर वायर ट्रांसफर किसी भी ऐसे वायर ट्रांसफर को संदर्भित करता है जहां आदेश देने वाली वित्तीय संस्था और लाभार्थी वित्तीय संस्था विभिन्न देशों में स्थित हैं। इस शब्द में, वायर ट्रांसफर की किसी ऐसी श्रृंखला को भी संदर्भित करता है जिसमें शामिल वित्तीय संस्थानों में से कम से कम एक भिन्न देश में स्थित होता है।

च) घरेलू वायर ट्रांसफर :घरेलू वायर ट्रांसफर किसी भी ऐसे वायर ट्रांसफर को संदर्भित करता है जहां आदेश देने वाली वित्तीय संस्था और लाभार्थी वित्तीय संस्था भारत में स्थित हैं। इसलिए, इस शब्द में वायर ट्रांसफर की किसी भी ऐसा श्रृंखला को संदर्भित किया जाता है जो पूरी तरह से भारत की सीमाओं के भीतर होती है, भले ही भुगतान संदेश को स्थानांतरित करने के लिए उपयोग किये जाने वाला सिस्टम किसी अन्य देश में स्थित है।

छ) वित्तीय संस्थान :वायर-ट्रांसफर निर्देशों के संदर्भ में, 'वित्तीय संस्थान' शब्द का वही अर्थ होगा जो समय-समय पर संशोधित एफएटीएफ सिफारिशों में बताया गया है।

ज) मध्यस्थ कंपनी :मध्यस्थ कंपनी, आरबीआई द्वारा विनियमित किसी वित्तीय संस्थान या किसी अन्य इकाई को संदर्भित करती है, जो किसी क्रमिक या कवर भुगतान श्रृंखला में वायर ट्रांसफर के किसी मध्यवर्ती पहलू को संभालती है और जो आदेश देने वाली वित्तीय संस्था और लाभार्थी वित्तीय संस्था, या कोई अन्य मध्यस्थ वित्तीय संस्था की ओर से वायर ट्रांसफर प्राप्त और पारेषित करती है। ।

झ) आदेश देने वाली कंपनी: आदेश देने वाली कंपनी, आरबीआई द्वारा विनियमितवहवित्तीय संस्था होती है, जो वायर ट्रांसफर शुरू करती है और प्रवर्तक की ओर से वायर ट्रांसफर के लिए अनुरोध प्राप्त होने पर फंड ट्रांसफर करती है।

ञ) प्रवर्तक :प्रवर्तक उस खाताधारक को संदर्भित करता है जो उस खाते से वायर ट्रांसफर की अनुमति देता है, या जहां कोई खाता नहीं है, या फिर प्राकृतिक या कानूनी व्यक्ति जो वायर ट्रांसफर करने के लिए आदेश देने वाले वित्तीय संस्थान को ऑर्डर देता है।

ट) क्रमबद्ध भुगतान: क्रमबद्ध भुगतान भुगतान की एक सीधी अनुक्रमिक श्रृंखला को संदर्भित करता है जहां वायर ट्रांसफर और साथ में भुगतान संदेश, आदेश देने वाले वित्तीय संस्थान से लाभार्थी वित्तीय संस्थान तक सीधे या एक या अधिक मध्यस्थ वित्तीय संस्थानों (उदाहरण के लिए, संवाददाता बैंक) के माध्यम से एक साथ भेजे जाते हैं।

ठ) स्ट्रेट-थ्रू प्रोसेसिंग :स्ट्रेट-थ्रू प्रोसेसिंग से तात्पर्य ऐसे भुगतान लेनदेन से है जो मैन्युअल हस्तक्षेप के बिना इलेक्ट्रॉनिक रूप से

प्रसंस्कृत किए जाते हैं।

ड) विशिष्ट लेनदेन संदर्भ संख्या :विशिष्ट लेनदेन संदर्भ संख्या भुगतान और निपटान प्रणाली के प्रोटोकॉल या वायर ट्रांसफर के लिए उपयोग की जाने वाली मैसेजिंग प्रणाली के प्रोटोकॉल के अनुसार भुगतान सेवा प्रदाता द्वारा निर्धारित अक्षरों, संख्याओं या प्रतीकों के संयोजन को संदर्भित करती है।

ढ) वायर ट्रांसफर :वायर ट्रांसफर से तात्पर्य किसी वित्तीय संस्थान के माध्यम से किसी प्रवर्तक की ओर से इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किए गए किसी भी लेन-देन से है, जिसका उद्देश्य किसी लाभार्थी वित्तीय संस्थान में लाभार्थी को धनराशि उपलब्ध कराना है, भले ही प्रवर्तक और लाभार्थी एक ही व्यक्ति क्यों न हों।

जब तक यहां परिभाषित नहीं किया गया है, अन्य सभी अभिव्यक्तियों का वही अभिप्राय होगा जो उन्हें बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1935, धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002, धन शोधन निवारण (रिकॉर्ड्स का रखरखाव)नियम, 2005, के तहत दिया गया है। आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 और उसके तहत बनाए गए विनियम, कोई वैधानिक संशोधन या फिर से अधिनियमित या वाणिज्यिक भाषा में उपयोग के रूप में, जैसा भी मामला हो ।

**अध्याय – II**

**सामान्य**

## 4. निदेशक मंडल / नीतियों से संबंधित दिशानिर्देश :

(क) यह नीति, जिसमें इसके सभी संशोधन एवं पुनरीक्षण सम्मिलित हैं, कंपनी के निदेशक मंडल या निदेशक मंडल की उस समिति द्वारा विधिवत अनुमोदित है, जिसे इस संबंध में अधिकार प्रत्यायोजित किए गए हैं।

(ख) यह नीति कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी पर भी लागू होती है और धन-शोधन विरोधी (एंटी मनी लॉन्ड्रिंग) अधिनियम, 2002 (2003 का15) केअध्याय IV के प्रावधानों के तहत दायित्वों केनिर्वहनके उद्देश्य से लागू की गई है।तदनुसार,प्रत्येक कंपनी जो समूह का हिस्सा है, को मनीलॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण के विरूद्ध समूह-व्यापी प्रोग्राम लागू करना है, जिसमें 'ग्राहक संबंधी समुचित सावधानी' के संबंध में और मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्त जोखिम प्रबंधन के प्रयोजनों के लिए आवश्यक जानकारी साझा करने के लिए समूह-व्यापी नीतियां शामिल होंगी और ऐसे प्रोग्राम में गोपनीयता और जानकारी के विनिमय के इस्तेमाल के संबंध में पर्याप्त सुरक्षोपाय किए जाने हैं, जिसमें समूह कंपनी पर लागू होने वाले स्तर टिप्प-ऑफ की रोकथाम करने के लिए भी सुरक्षोपाय भी शामिल होंगे।

(ग) नीति का उद्देश्य इस संबंध में नियामक निर्देशों सहित पीएमएल अधिनियम/नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना है और मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवाद वित्तपोषण, प्रसार वित्तपोषण और अन्य संबंधित जोखिमों से उत्पन्न खतरों के खिलाफ सुरक्षा सुरक्षोपाय प्रदान करना है। उपरोक्तानुसार, कानूनी/ विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए, कंपनी द्वारा जोखिम का बेहतर प्रबंधन करने के लिए, एफएटीएफ मानक तथा एफएटीएफ दिशानिर्देश टिप्पणियों पर विचार करते हुए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय अभ्यासों को अपनाने पर विचार करना चाहिए।

**5. नीति में निम्नलिखित चार प्रमुख तत्व शामिल हैं:**

(क) ग्राहक स्वीकरण नीति;

(ख) जोखिम वर्गीकरण और प्रबंधन;

(ग) ग्राहक पहचान प्रक्रिया (सीआईपी); तथा

(घ) लेनदेन की निगरानी

**5.क कंपनी द्वारा धन-शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण जोखिम मूल्यांकन**

(क) कंपनी ग्राहकों, देशों या भौगोलिक क्षेत्रों, उत्पादों, सेवाओं, लेनदेन या वितरण चैनल, आदि के लिए अपने धन-शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण जोखिम को कम करने के लिए समय-समय पर 'धन-शोधन(एमएल) और आतंकवादी वित्तपोषण (टीएफ) जोखिम मूल्यांकन' अभ्यास करेगी, ताकि इसकी पहचान, आकलन और प्रभावी उपाय किए जा सकें।

(ख) मूल्यांकन प्रक्रिया में समग्र जोखिम के स्तर और उपयुक्त स्तर और लागू किए जाने वाले प्रशमन के प्रकार को निर्धारित करने से पहले सभी प्रासंगिक जोखिम कारकों पर विचार करना होगा। आंतरिक जोखिम मूल्यांकन तैयार करते समय, कंपनी समग्र क्षेत्र-विशिष्ट कमजोरियों, यदि कोई हो, का संज्ञान लेगी, जिसे नियामक/पर्यवेक्षक समय-समय पर कंपनी के साथ साझा कर सकते हैं।

(ग) कंपनी द्वारा जोखिम मूल्यांकन को उचित रूप से प्रलेखित किया जाएगा और कंपनी की प्रकृति, आकार, भौगोलिक उपस्थिति, गतिविधियों की जटिलता/संरचना आदि के अनुपात में होना चाहिए। इसके अलावा, जोखिम मूल्यांकन अभ्यास की आवधिकता कंपनी के बोर्ड या कंपनी के बोर्ड की किसी समिति, जिसे इस संबंध में शक्ति प्रत्यायोजित की गई है, द्वारा जोखिम मूल्यांकन अभ्यास के परिणाम के साथ संरेखण में निर्धारित की जाएगी। हालांकि, इसकी कम से कम वार्षिक रूप से समीक्षा की जानी चाहिए।

(घ) अभ्यास का परिणाम बोर्ड या बोर्ड की किसी भी समिति को प्रस्तुत किया जाएगा, जिसे इस संबंध में शक्ति

प्रत्यायोजित की गई है, और सक्षम अधिकारियों और स्व-विनियमन निकायों के लिए उपलब्ध होनी चाहिए।

5ख) कंपनी पहचाने गए जोखिमों (जिनकी पहचान स्वयं द्वारा अथवा राष्ट्रीय जोखिम मूल्यांकन के माध्यम से की गई हो) के प्रशमन और प्रबंधन के लिए जोखिम आधारित दृष्टिकोण (आरबीए) लागू करेगी और तदनुसार, इस संबंध में बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीतियां, नियंत्रण और प्रक्रियाएं होंगी।कंपनी द्वारा सीडीडी प्रोग्राम को, अभिचिन्हित एमएल/टीएफ जोखिमों और कारोबार के आकार के अनुसार लागू किया जाएगा। इसके अलावा, कंपनी नियंत्रणों के कार्यान्वयन की निगरानी करेगी और यदि आवश्यक हो तो उन्हें बढ़ाएगी।

## 6. पदनामित निदेशक

(क) "पदनामित निदेशक" का अभिप्राय, कंपनी द्वारा पदनामित व्यक्ति है जो पीएमएल अधिनियम और नियमों के अध्याय IV के तहत दिए गए दायित्वों के समग्र अनुपालन को सुनिश्चित करता है और बोर्ड द्वारा नामित किया जाएगा। कंपनी ने इस नीति के तहत प्रबंध निदेशक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी को अपने "पदनामित निदेशक" के रूप में नियुक्त किया है और इसकी सूचना एनएचबी / आरबीआई और एफआईयू-आईएनडी को दी है।

(ख) पदनामित निदेशक के नाम, पदनाम, पते और संपर्क ब्यौरे के बारे में सूचित किया जाएगा, जिसमें पूर्व में जमा की गई जानकारी, एनएचबी/आरबीआई और एफआईयू-आईएनडी में कोई भी परिवर्तन शामिल है।

(ग) किसी भी मामले में, प्रधान अधिकारी को 'पदनामित निदेशक' के रूप में नामित नहीं किया जाएगा।

## 7. प्रधान अधिकारी

(क) कंपनी एक "प्रधान अधिकारी" नियुक्त करेगी । कंपनी ने इस नीति के तहत अपने मुख्य अनुपालन अधिकारी को प्रधान अधिकारी नियुक्त किया है और इसकी सूचना एनएचबी/आरबीआई और FIU-IND को दी है।

(ख) प्रधान अधिकारी कानून/विनियमों के तहत आवश्यक अनुपालन सुनिश्चित करने, लेनदेन की निगरानी करने और सूचनाओं को साझा करने और रिपोर्ट करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(ग) प्रधान अधिकारी के नाम, पदनाम, पते और संपर्क ब्यौरे के बारे में सूचित किया जाएगा, जिसमें पूर्व में प्रस्तुत की गई जानकारी, एनएचबी/आरबीआई और एफआईयू-आईएनडी में कोई भी परिवर्तन शामिल है।

## 8. नीति का अनुपालन

(क) कंपनी इस नीति का अनुपालन सुनिश्चित करेगी:

(i) केवाईसी अनुपालन के उद्देश्य से 'वरिष्ठ प्रबंधन' का गठन करने वाले को निर्दिष्ट करना।

(ii) नीतियों और प्रक्रियाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायित्व का आवंटन।

(iii) कानूनी और नियामक आवश्यकताओं सहित कंपनी की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन कार्यों का स्वतंत्र मूल्यांकन।

(iv) केवाईसी/एएमएल नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुपालन को सत्यापित करने के लिए समवर्ती/आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली।

(v) त्रैमासिक ऑडिट नोट्स प्रस्तुत करना और ऑडिट कमेटी का अनुपालन।

(ख) कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि केवाईसी मानदंडों के अनुपालन का निर्धारण करने के निर्णय लेने के कार्य आउटसोर्स नहीं हैं।

(नोट: कंपनी (आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के संबंध में वरिष्ठ प्रबंधन का मतलब कंपनी के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तथा कंपनी के कार्यात्मक विभागाध्यक्षों से होगा।)

**अध्याय –III**

## ग्राहक स्वीकरण नीति

9. कंपनी ने, कंपनी की क्रेडिट पॉलिसी के रूप में ग्राहक स्वीकरण नीति तैयार की है।

10. ग्राहक स्वीकरण नीति में शामिल पहलुओं की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, एएचएफएल यह सुनिश्चित करेगा कि:

(क) बेनाम या काल्पनिक/बेनामी नाम से कोई ग्राहक स्वीकृत नहीं किया जाता है, या ऋण खाता नहीं खोला जाता है।

(ख) कोई ग्राहक स्वीकार नहीं किया जाता है, या ऋण खाता नहीं खोला जाता है, जहां या तो ग्राहक के असहयोग या ग्राहक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/जानकारी की अविश्वसनीयता के कारण एएचएफएल उपयुक्त सीडीडी उपायों को लागू करने में असमर्थ है। कंपनी द्वारा आवश्यक समझे जाने पर एसटीआर दायर करने पर विचार किया जाएगा,जब यह किसी ग्राहक के संदर्भ में संबंधित सीडीडी कदमोंका अनुपालन करने में अक्षम होती है।

(ग) सीडीडी प्रक्रिया का पालन किए बिना कोई लेनदेन या ऋण खाता-आधारित संबंध नहीं किया जाता है।

(घ) ऋण खाता खोलते समय और आवधिक अपडेशन के दौरान केवाईसी उद्देश्य के लिए मांगी जाने वाली अनिवार्य जानकारी निर्दिष्ट है।

(ङ) क्रेडिट पॉलिसी के अनुसार 'वैकल्पिक'/अतिरिक्त जानकारी, ऋण खाता खोलने के बाद ग्राहक की स्पष्ट सहमति से प्राप्त की जाती है।

(च) कंपनी शाखा/यूसीआईसी स्तर पर सीडीडी प्रक्रिया लागू करेगी। इस प्रकार, यदि कंपनी का मौजूदा केवाईसी-अनुपालक ग्राहक उसी कंपनी से अन्य ऋण सुविधा प्राप्त करना चाहता है या कोई अन्य उत्पाद या सेवा लेना चाहता है, तो ग्राहक की पहचान के संबंध में पुनः नई सीडीडी प्रक्रिया किए जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

(छ) सभी संयुक्त आवेदकों के लिए सीडीडी प्रक्रिया का पालन किया जाता है।

(ज) वे परिस्थितियाँ जिनमें, एक ग्राहक को किसी अन्य व्यक्ति/संस्था की ओर से कार्य करने की अनुमति दी जाती है, स्पष्ट रूप से बताई गई है।

(झ) यह सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त प्रणाली स्थापित की गई है कि ग्राहक की पहचान किसी ऐसे व्यक्ति या संस्था से मेल नहीं खाती, जिसका नाम आरबीआई द्वारा परिचालित प्रतिबंध सूची में हैजिसे आरबीआई मास्टर निर्देश के अध्याय IX में दर्शाया गया है।

(ञ) कोई भी ग्राहक स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए, या किसी ऐसे व्यक्ति या संस्था से संबंधित ऋण खाता नहीं खोला जाना चाहिए, जिसका नाम आरबीआई द्वारा जारी किसी भी नकारात्मक सूची में है।

(ट) जहां स्थाई खाता संख्या (पैन) प्राप्त की जाती है, उसे जारीकर्ता प्राधिकारी की सत्यापन सुविधा से सत्यापित किया जाएगा।

(ठ) जहां ग्राहक से समकक्ष ई-दस्तावेज प्राप्त किया जाता है, कंपनी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 (2000 का 21) के प्रावधानों के अनुसार डिजिटल हस्ताक्षर का सत्यापन करेगी।

(ड) जहां पर माल और सेवा कर (जीएसटी) ब्यौरा उपलब्ध है, जीएसटी नम्बर का सत्यापन जारीकर्ता प्राधिकरण की खोज / सत्यापन सुविधा से सत्यापन किया जाएगा।

11. ग्राहक स्वीकरण नीति का परिणाम सामान्य जन, विशेषकर आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित व्यक्तियों, जिनमें दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) भी सम्मिलित हैं, को वित्तीय सुविधा प्रदान करने से वंचित करना नहीं होगा। ऑनबोर्डिंग या

केवाईसी के समय-समय पर अद्यतन के किसी भी आवेदन को समुचित जांच-पड़ताल/ उचित सत्यापन के बिना अस्वीकार नहीं किया जाएगा। अस्वीकृति के कारण(णों) को केवाईसी सत्यापन करने वाले या उसे अनुमोदित करने वाले अधिकारी / कर्मचारी द्वारा विधिवत दर्ज किया जाएगा।

11क. जहां पर कंपनी को धन शोधन या आंतकवाद वित्तपोषण का संदेह होता है, और इसको समुचित रूप से ऐसा लगता है कि सीडीडी प्रक्रिया को निष्पादित करने से इसके ग्राहक को जानकारी मिल जाएगी, तो इसके द्वारा सीडीडी प्रक्रिया को नहीं किया जाना चाहिए, और इसकी बजाए एफआईयू-आईएनडी के पास एसटीआर दायर करनी चाहिए।

**अध्याय–IV**

## जोखिम प्रबंधन

12. जोखिम प्रबंधन के लिए, कंपनी के पास जोखिम आधारित दृष्टिकोण होगा, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं।

(क) ग्राहकों को कंपनी के मूल्यांकन और जोखिम धारणा के आधार पर **निम्न, मध्यम और उच्च जोखिम** श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

(ख) कंपनी द्वारा ग्राहकों के जोखिम-वर्गीकरण के लिए व्यापक सिद्धांतों का उल्लेख नीचे किया गया है।

(ग) जोखिम वर्गीकरण, ग्राहक की पहचान, सामाजिक/वित्तीय स्थिति, व्यावसायिक गतिविधि की प्रकृति, और ग्राहक के व्यवसाय और उनके स्थान के बारे में जानकारी, ग्राहकों के साथ-साथ लेनदेन के साथ भौगोलिक जोखिम कवर करने वाले ग्राहक, आफर किए जाने वाले उत्पादों/सेवाओं के प्रकार, उत्पादों/सेवाओं की डिलीवरी के लिए उपयोग किया जाने वाला डिलीवरी चैनल, किए गए लेनदेन के प्रकार -नकद चेक/मौद्रिक इंस्ट्रुमेंट्स, वायर ट्रांसफर, विदेशी मुद्रा लेनदेन, आदि जैसे मापदंडों के आधार पर किया जाएगा।ग्राहक की पहचान पर विचार करते समय, पहचान दस्तावेजों की पुष्टि करने की क्षमता के माध्यम से ऑनलाइन या जारी करने वाले अधिकारियों द्वारा दी जाने वाली अन्य सेवाओं को भी नीचे दिए गए अनुसार शामिल किया जा सकता है:

ग्राहक का यह एएमएल/जोखिम आधारित वर्गीकरण नीचे उल्लिखित है, जो समय-समय पर निर्दिष्ट किसी भी नियामक आवश्यकता के अधीन है:

| | |
|---|---|
| निम्न जोखिम | कम जोखिम वाले व्यक्तिगत ग्राहक, वे व्यक्ति (उच्च निवल मूल्य के अलावा) और संस्थाएं हैं जिनकी पहचान और धन के स्रोतों को आसानी से पहचाना जा सकता है और उनके साथ लेन-देन ज्ञात प्रोफ़ाइल के अनुरूप होता है। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:<br>1. वेतनभोगी कर्मचारी, जिनका वेतन बैंक में क्रेडिट किया जाता है<br>2. स्व-नियोजित व्यक्ति/स्वामित्वाधीन फर्म आदि<br>3. सरकारी विभाग और सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों का कर्मचारी<br>4. सीमित देयता वाली कंपनियों (सार्वजनिक और निजी) का कर्मचारी<br>5. पार्टनरशिप फर्म (रजिस्टर्ड डीड)।<br>6. अनिवासी भारतीयों को रु. 25 लाख, जिसमें पुनर्भुगतान एनआरओ खाते के माध्यम से किया जाता है।<br>7. रु. 25 लाख तक के सभी ऋण के मामले , जहां आय का आकलन औपचारिक आय प्रमाण दस्तावेजों के बिना किया जाता है या सरोगेट विधियों का उपयोग किया जाता है, जैसे: नकद वेतनभोगी, बिना आय प्रमाण ऋण और अनौपचारिक स्व-नियोजित ग्राहक।<br>8. बैंक खाते के माध्यम से रु. 25 लाख तक के सभी जमा |

| | |
|---|---|
| मध्यम जोखिम | 1. एनजीओ, ट्रस्ट, चैरिटी और दान प्राप्त करने वाले संगठन<br>2. ट्रस्ट / सोसायटी खाता<br>3. उच्च निवल मूल्य वाले व्यक्ति (निवेश योग्य अधिशेष से रु. 1.00 करोड़ अधिक)<br>4. करीबी पारिवारिक शेयरधारिता या हिताधिकारी स्वामित्व वाली कंपनियां।<br>5. सरोगेट विधियों के आधार पर या औपचारिक आय प्रमाण दस्तावेजों के बिना रु. 25 लाख से ऊपर के सभी ऋणों का मूल्यांकन किया गया।<br>6. अनिवासी भारतीयों को रु. 25 लाख ऋण, जहां ऋण की चुकौती एनआरओ खाते के माध्यम से होती है।<br>7. व्यक्तियों और पंजीकृत संस्थाओं से रु. 25 लाख से अधिक के सभी जमा। |
| उच्च जोखिम | 1. राजनैतिक रूप से जोखिम वाले व्यक्ति (पीईपी)<br>2. पीईपी के परिवार के सदस्य और करीबी रिश्तेदार<br>3. बहुत अधिक नकद लेनदेन (10 लाख रुपये और उससे अधिक और संदिग्ध लेनदेन की सूचना एफआईयू- आईएनडी को दी गई)<br>4. उपलब्ध सार्वजनिक सूचना के अनुसार संदिग्ध प्रतिष्ठा वाले व्यक्ति<br>5. ऐसे व्यक्ति जिनकी आय के स्रोत अज्ञात हैं या कोई दस्तावेजी प्रमाण प्रतीक्षित नहीं है।<br>6. ग्राहकों या संदिग्ध व्यक्तियों के साथ प्रत्यक्ष मिलना। |

(घ) किसी ग्राहक के जोखिम वर्गीकरण और ऐसे वर्गीकरण के विशिष्ट कारणों को गोपनीय रखा जाएगा और ग्राहक को इसकी जानकारी प्राप्त न हो, इसलिए ग्राहक के सामने इसका खुलासा नहीं किया जाएगा।

बशर्ते कि संभावित जोखिम से संबंधित विभिन्न श्रेणियों के ग्राहकों से एकत्र की गई अन्य जानकारी दखलंदाजी भरी न हो और इसे क्रेडिट नीति में निर्दिष्ट किया जा सकता है।

धन-शोधन विरोधी (एएमएल) मानकों और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला (सीएफटी) मानकों पर फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) द्वारा की गई सिफारिशों, भारतीय बैंक एसोसिएशन (आईबीए) तथा अन्य एजेन्सियों द्वारा जारी किए गए मार्गदर्शक सिद्धांतों का भी जोखिम मूल्यांकन में उपयोग किया जाना चाहिए।

**अध्याय – V**

**ग्राहक पहचान क्रियाविधि (सीआईपी)**

13. कंपनी निम्नलिखित मामलों में ग्राहकों की पहचान करेगी:

क. ग्राहक के साथ ऋण खाता-आधारित संबंध की शुरू करते समय।

ख. किसी ऐसे व्यक्ति के लिए कोई भी अंतरराष्ट्रीय धन अंतरण का कार्य करना, जो कंपनी का खाताधारक नहीं है।

ग. जब बैंक को स्वयं द्वारा प्राप्त किए गए ग्राहक पहचान डेटा की प्रामाणिकता या पर्याप्तता को लेकर कोई संदेह हो।

घ. तीसरे पक्ष के उत्पादों को एजेंट के रूप में बेचना, अपने स्वयं के उत्पादों को बेचना, क्रेडिट कार्ड की बकाया राशि का भुगतान/बिक्री और प्रीपेड/ट्रैवल कार्ड की पुनः लोडिंग और किसी भी अन्य उत्पाद को पचास हजार रुपये से अधिक बेचते समय।

ङ. एक गैर-खाता-आधारित ग्राहक के लिए लेनदेन करना, जो कि वॉक-इन ग्राहक है, जहां शामिल राशि पचास हजार रुपये के बराबर या उससे अधिक है, चाहे वह एकल लेनदेन के रूप में किया गया हो या कई लेनदेन जो जुड़े हुए प्रतीत होते हैं।

च. जब कंपनी के पास यह विश्वास करने या संदेह करने का कारण है कि ग्राहक जानबूझकर लेनदेन को पचास हजार रुपये की सीमा से नीचे लेनदेन की एक श्रृंखला में संरचित कर रहा है।

छ. कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि एएफएचएल से ऋण प्राप्त करते समय परिचय की मांग नहीं की जानी चाहिए।

14. ऋण खाता आधारित संबंध स्थापित करते समय या पचास हजार रुपये या उससे ज्यादा राशि का कभी-कभार होने वाला लेनदेन करते समय, चाहे वह एक ही लेनदेन के रूप में किया गया हो या कई ऐसे लेनदेन जो आपस में जुड़े हुए लगते हों, या किसी अंतरराष्ट्रीय धन अंतरण लेनदेन के दौरान ग्राहकों की पहचान का सत्यापन करने के उद्देश्य से, कंपनी अपने विवेकानुसार किसी तृतीय पक्ष द्वारा की 'ग्राहक की समुचित जांच-पड़ताल' पर भरोसा करेगी, बशर्ते कि नीचे दी गई शर्तें पूरी होती हों:

(क) तृतीय पक्ष द्वारा किए गए रिकॉर्ड या ग्राहक की जानकारी, तृतीय पक्ष या केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री के बाद तत्काल प्राप्त की जाती है।

(ख) कंपनी द्वारा स्वयं को संतुष्ट करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए गए हैं कि ग्राहक संबंधी समुचित सावधानी आवश्यकताओं से संबंधित पहचान डेटा और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज की प्रतियां अनुरोध पर बिना किसी देरी के तृतीय पक्ष से उपलब्ध कराई जाएंगी।

(ग) विनियामक द्वारा तृतीय पक्ष का विनियमन, पर्यवेक्षण या निगरानी की जाती है, और उसके पास पीएमएल अधिनियम के अंतर्गत आवश्यकताओं एवं दायित्वों के अनुरूप ग्राहक की समुचित जांच-पड़ताल तथा रिकॉर्ड-रखने संबंधी आवश्यकताओं के अनुपालन के लिए उचित उपाय मौजूद हैं।

(घ) तृतीय पक्ष को उच्च जोखिम के रूप में मूल्यांकन किए गए देश या क्षेत्राधिकार में आधारित नहीं होना चाहिए।

(ङ) ग्राहक संबंधी समुचित सावधानी और बढ़ाए गए समुचित सावधानी उपायों के लिए अंतिम जिम्मेदारी, जैसा लागू हो, कंपनी की होगी।

**अध्याय VI**

## ग्राहक के संबंध में समुचित सावधानी प्रक्रिया (सीडीडी)

**भाग I – व्यक्तियों के मामले में सीडीडी प्रक्रिया**

15. (क) सीडीडी शुरू करने के लिए, कंपनी व्यक्ति से ऋण खाता-आधारित संबंध स्थापित करते समय या उस व्यक्ति के साथ व्यवहार करते समय निम्न प्राप्त करेगी जो हिताधिकारी स्वामी, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता या किसी विधिक संस्था से संबंधित अटॉर्नी धारक है:

(क) आधार संख्या जहां,

(i) वह आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 (2016 का 18) की धारा 7 के तहत अधिसूचित किसी भी योजना के तहत कोई लाभ या सब्सिडी प्राप्त करने का इच्छुक है; या

(ii) वह पीएमएल अधिनियम की धारा 11ए की उप-धारा (1) के पहले प्रावधान के अनुसार स्वेच्छा से अपना आधार नंबर जमा करने का निर्णय लेता है; या

(ख) आधार संख्या के कब्जे का प्रमाण जहां ऑफ़लाइन सत्यापन किया जा सकता है; या

(ग) आधार संख्या की प्राप्ति का प्रमाण, जहां ऑफ़लाइन सत्यापन नहीं किया जा सकता है या कोई ओवीडी या उसके समकक्ष ई-दस्तावेज, जिसमें उसकी पहचान और पते का विवरण हो; या

(घ) सीकेवाईसीआर से रिकार्ड को डाउनलोड करने के लिए स्पष्ट सहमति के साथ केवाईसी पहचानकर्ता; और

(ड़) स्थाई खाता संख्या (पैन) या उसके समकक्ष ई-दस्तावेज या आयकर नियम, 1962 में परिभाषित प्रपत्र संख्या 60; तथा

(च) ऐसे अन्य पहचान प्रमाण-पत्र, जिनमें व्यवसाय की प्रकृति और ग्राहक की वित्तीय स्थिति, या उसके समकक्ष ई-दस्तावेज शामिल हैं, जो कंपनी की क्रेडिट नीति के अनुसार कंपनी द्वारा आवश्यक हो सकते हैं:

बशर्ते कि जहां ग्राहक ने जमा किया है:

i) आधार संख्या पीएमएल अधिनियम की धारा 11ए की उप-धारा (1) के पहले प्रावधान के अनुसार, कंपनी द्वारा प्रदान की गई ई-केवाईसी प्रमाणीकरण सुविधा - भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण का उपयोग करके ग्राहक के आधार संख्या का प्रमाणीकरण करेगी। इसके अलावा, ऐसे मामले में, यदि ग्राहक वर्तमान पता प्रदान करना चाहता है, जो केंद्रीय पहचान डेटा रिपोजिटरी में उपलब्ध पहचान जानकारी के अनुसार पते से अलग है, तो वह कंपनी को इस आशय का स्व-घोषणापत्र दे सकता है।

ii) आधार के प्राप्ति का प्रमाण जहां ऑफलाइन सत्यापन किया जा सकता है, कंपनी ऑफलाइन सत्यापन करेगी।

iii) किसी भी ओवीडी के समकक्ष ई-दस्तावेज, कंपनी सूचना प्रौद्योगि की अधिनियम, 2000 (2000 का 21) के प्रावधानों और उसके तहत जारी किसी भी नियम के अनुसार डिजिटल हस्ताक्षर को सत्यापित करेगी और अनुलग्नक। के तहत निर्दिष्ट लाइव फोटो लेगी।

iv) कोई भी ओवीडी या आधार नंबर होने का प्रमाण जहां ऑफ़लाइन सत्यापन नहीं किया जा सकता है, कंपनी अनुलग्नक । के तहत निर्दिष्ट डिजिटल केवाईसी के माध्यम से सत्यापन करेगी।

v) उपरोक्त खंड (घ) के तहत केवाईसी पहचानकर्ता के संबंध में, कंपनी अनुच्छेद 54 के अनुसार सीकेवाईसीआर से केवाईसी रिकॉर्ड ऑनलाइन प्राप्त करेगी।

41. एफआईयू- आईएनडी द्वारा रिपोर्टिंग प्रारूप तथा विस्तृत प्रारूप गाइड निर्धारित/जारी की गई है। एफआईयू-आईएनडी ने रिपोर्ट करने वाली संस्थाओं को निर्धारित रिपोर्टें तैयार करने हेतु सहायता प्रदान करने के लिए रिपोर्ट जेनेरेशन यूटिलिटी तथा रिपोर्ट वैलिडेशन यूटिलिटी विकसित की है जिसे ध्यान में रखा जाए। नकद लेनदेन रिपोर्ट (सीटीआर) / संदिग्ध लेनदेन रिपोर्ट (एसटीआर) को इलेक्ट्रोनिक रूप से फाइल करने के लिए एफआईयू- आईएनडी ने अपनी वेबसाइट पर एडिटेबल इलैक्ट्रॉनिक यूटिलिटिज डाली है जिसका उपयोग ऐसी वित्तीय संस्थाओं द्वारा उपयोग किया जा सकता है जो अपने लेनदेन के सामान्य आँकड़ों से सीटीआर/एसटीआर बनाने के लिऐ उपयुक्त प्रौद्योगिकी टूल स्थापित नहीं  कर पाए हैं। जिन विनियमित संस्थाओं की सभी शाखाएं अभी तक पूर्णत: कंप्यूटरीकृत नहीं हुई हैं, ऐसी संस्थाओं के प्रधान अधिकारियों के पास ऐसी शाखाओं से लेनदेन के ब्यौरों को लेकर उन्हें एफआईयू-आइएनडी द्वारा अपनी वेबसाइट http://fiuindia.gov.in पर उपलब्ध कराई गयी सीटीआर/एसटीआर की एडिटेबल इलैक्ट्रॉनिक यूटिलिटिज की सहायता से इलैक्ट्रॉनिक फाइल के रूप में आंकड़े फीड करने की उपयुक्त व्यवस्था होनी चाहिए।रिपोर्ट किए जाने वाले एसटीआर/सीटीआर की नमूना सूची पहचान के लिए अनुलग्नक-IV में संलग्न है।

42. निदेशक, एफआईयू-आईएनडी को सूचना देते समय, लेनदेन की रिपोर्टिंग में हुई प्रत्येक दिन की देरी अथवा नियम में विनिर्दिष्ट समय-सीमा के बाद गलत रूप से दर्शाये गए किसी लेनदेन को सुधारने में होने वाली प्रत्येक दिन की देरी को अलग से एक उल्लंघन माना जाएगा। कंपनी उन खातों के परिचालनों पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाएगी जिनके संबंध में केवल संदिग्ध लेनदेन रिपोर्ट (एसटीआर) दायर की गई है। कंपनी द्वारा एसटीआर प्रस्तुत करने के तथ्य को पूर्णत: गोपनीय रखा जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाए कि ग्राहक को किसी भी स्तर पर गुप्त रूप से सचेत (टिपिंग ऑफ़) नहीं किया जाए।

43. प्रत्येक कंपनी, उसके निदेशक, अधिकारी और सभी कर्मचारी यह सुनिश्चित करेंगे कि पीएमएल (अभिलेखों का रखरखाव) नियम, 2005 के नियम 3 में निर्दिष्ट रिकॉर्ड के रखरखाव और निदेशक को जानकारी प्रस्तुत करने का तथ्य गोपनीय रखा जाता है। हालांकि, ऐसी गोपनीयता की आवश्यकता लेन-देन और गतिविधियों के किसी भी विश्लेषण के मास्टर निर्देश की अनुच्छेद 4 (b) के तहत जानकारी साझा करने में बाधा नहीं बनेगी, जो असामान्य प्रतीत होती है, और यदि ऐसा कोई विश्लेषण किया गया है।

44. संदिग्ध लेनदेन की प्रभावी पहचान और रिपोर्टिंग को सक्षम करने के लिए कंपनी के पास पर्याप्त सिस्टम, प्रक्रियाएं और कार्यवाहियां होंगी, जिसमें व्यवसाय की आवश्यकताओं के आधार पर और उपयुक्त के रूप में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम शामिल हैं।

संदिग्ध लेनदेन की प्रभावी पहचान और लेनदेनों के संदेहास्पद होने से संबंधित रिपोर्टिंग करने के लिए सशक्त सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाएगा, जो जोखिम वर्गीकरण और ग्राहकों की अद्यतन प्रोफाइल के साथ लेनदेन के मेल न करने पर चेतावनी देगा।

## अध्याय IX
## अंतरराष्ट्रीय करारों के तहत अपेक्षाएँ / बाध्यताएँ

**अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से संपर्क–**

गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) (यूएपीए) अधिनियम, 1967 के तहत बाध्यताएं:-

**45.** कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि विधिविरुद्ध क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 51ए और उसके संशोधनों के अनुसार उनके पास आंतकी गतिविधियों से जुड़े होने की आशंका वाले ऐसे व्यक्तियों/संस्थाओं का कोई खाता नहीं होना चाहिए जिसके नाम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) द्वारा समय-समय पर अनुमोदित तथा परिचालित ऐसे व्यक्तियों तथा संस्थाओं की सूची में शामिल हो। ऐसी दो सूची निम्नानुसार हैं:

(क) **"आईएसआईएल (दाएश) और अल-कायदा प्रतिबंध सूची", जो सुरक्षा परिषद के संकल्प 1267 / 1989 / 2253 के अनुसरण में स्थापित एवं अनुरक्षित की गई है**, जिसमें अल-कायदा से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के नाम शामिल हैं। यह सूची www.un.org/securitycouncil/sanctions/1267/aq_sanctions_list पर उपलब्ध है।

(ख) सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1988 (2011) के अनुसार स्थापित और अनुरक्षित "तालिबान प्रतिबंध सूची", जिसमें तालिबान से जुड़े व्यक्तियों और संस्थाओं के नाम शामिल हैं, https://www.un.org/securitycouncil/sanctions/1988/materials पर उपलब्ध है।

कंपनी समय-समय पर संशोधित, आतंकवाद रोकथाम और दमन (सुरक्षा परिषद संकल्पों का कार्यान्वयन) आदेश, 2007 की अनुसूचियों में उपलब्ध सूचियों का संदर्भ ग्रहण करना भी सुनिश्चित करेगी। उपरोक्त सूचियाँ, अर्थात यूएनएससी प्रतिबंध सूचियाँ और आतंकवाद रोकथाम और दमन (सुरक्षा परिषद संकल्पों का कार्यान्वयन) आदेश, 2007 की अनुसूचियों में उपलब्ध सूचियाँ जिनको समय-समय पर संशोधित किया जाता है, उनको दैनिक आधार पर सत्यापित किया जाएगा और सूचियों में परिवर्धन, विलोपन या अन्य परिवर्तनों के संदर्भ में कंपनी द्वारा जरूरी संशोधन किया जाएगा ताकि सावधानीपूर्वक अनुपालन किया जा सके।

**46.** यूएपीए अधिसूचना दिनांक 2 फरवरी, 2021 और समय - समय पर संशोधन के तहत आवश्यकतानुसार गृह मंत्रालय को सलाह देने के अलावा, सूची में किसी भी व्यक्ति/संस्था से मिलते-जुलते ऋण खातों का विवरण एफआईयू-आईएनडी को सूचित किया जाएगा।

**47.** उपरोक्त के अलावा, समय-समय पर किसी अन्य क्षेत्राधिकार/संस्थाओं के संबंध में रिज़र्व बैंक द्वारा परिचालित अन्य यूएनएससीआर पर भी ध्यान दिया जाएगा।

**48. विधिविरुद्ध क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 51ए के तहत परिसंपत्तियों/ऋण खातों को फ्रीज करना**

यूएपीए के तहत वित्तीय विनियामकों द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन किया जाएगा और जहां तक लागू हो, उसका सावधानीपूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

विशेष रूप से, कंपनी निम्नलिखित के लिए आवश्यक लागू दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेगी:

(i) अद्यतन पदनामित सूचियों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में बनाए रखना और नियमित आधार पर दिए गए मापदंडों की जांच करना ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि आदेश की अनुसूची में सूचीबद्ध व्यक्ति या संस्थाएं, जिन्हें इसके बाद पदनामित व्यक्तियों / संस्थाओं के रूप में संदर्भित किया गया है, उनके पास निधि वित्तीय संपत्ति या आर्थिक संसाधन या बैंक खातों, स्टॉक या बीमा पॉलिसियों आदि के रूप में होने वाली संबंधित सेवाएं हैं।

(ii) यदि उनके किसी ग्राहक का विवरण पदनामित व्यक्तियों/संस्थाओं के विवरण से मेल खाता है, तो कंपनी ऐसे ग्राहक का पता लगाने के 24 घंटे के भीतर तुरंत, निधियों, वित्तीय संपत्ति या आर्थिक संसाधन या संबंधित सेवाएं का पूर्ण विवरण, जो ऐसे ग्राहक द्वारा अपनी पुस्तकों में संयुक्त रूप से दर्ज की जाती हैं, सचिव (सीटीसीआर), गृह मंत्रालय, फैक्स नंबर 011-23092569 पर और टेलीफोन या 011- 23092736 पर भी सूचित करे। डाक द्वारा भेजे जाने के अलावा विवरण आवश्यक रूप से ई-मेल आईडी: jsctcr-mha@gov.in.पर भेजा जाना चाहिए।

(iii) कंपनी ऊपर (ii) में उल्लिखित संचार की एक प्रति उस राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के यूएपीए नोडल अधिकारी को भी भेजेगी, जहां ऋण खाता है और नियामकों और एफआईयू-आईएनडी को भी भेजेगी, जैसा भी मामला हो।

(iv) यदि पदनामित व्यक्तियों/संस्थाओं के विवरण के साथ किसी भी ग्राहक का मिलान संदेह से परे है, तो कंपनी संयुक्त सचिव (सीटीसीआर), गृह मंत्रालय को सूचित करते हुए पदनामित व्यक्तियों को वित्तीय लेनदेन करने से रोकेगी। फैक्स नंबर 011-23092569 पर और 011-23092736 पर टेलीफोन पर भी सूचित करेगी। विवरण डाक द्वारा भेजे जाने के अलावा आवश्यक रूप से ई-मेल आईडी: jsctcr-mha@gov.in पर सूचित किया जाना चाहिए।

(v) कंपनी एफआईयू-आईएनडी के साथ संदिग्ध लेनदेन रिपोर्ट (एसटीआर) दाखिल करेगी, जिसमें ऊपर दिए गए पैराग्राफ (ii) के तहत कवर किए गए खातों में सभी लेनदेन को कवर किया जाएगा, जो निर्धारित प्रारूप के अनुसार किए गए या प्रयासित हैं।

(vi) फ्रीज यथोचित के रूप में लागू होगा। ऋण खातों के मामले में, किसी और नामे (डेबिट) की अनुमति नहीं दी जाएगी। मौजूदा जमा के मामले में, धनराशि रोक दी जाएगी।

**निधियों, वित्तीय परिसंपत्तियों या आर्थिक संसाधनों या व्यक्तियों/संस्थाओं की संबंधित सेवाओं कोसत्यापन पर फ्रीजिंग तंत्र से अनजाने में प्रभावित करने की प्रक्रिया, कि व्यक्ति या संस्था एक पदनामित व्यक्ति नहीं है।**

(क) कोई भी व्यक्ति या संस्था, यदि प्रमाणित करने के लिए इनके पास सबूत है कि मौजूदा जमा या उनके स्वामित्व/धारित ऋण खाते को अनजाने में फ्रीज कर दिया गया है, तो वे लिखित में अपेक्षित सबूत देते हुए आवेदन करेंगे।

(ख) यदि कंपनी को ऐसा कोई आवेदन प्राप्त होता है, तो वह निधियों, वित्तीय परिसंपत्ति या आर्थिक संसाधनों या संबंधित सेवाओं की सूचना देकर, किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा दी गई संबंधित संपत्तियों के पूर्ण विवरण के साथ आवेदन की प्रति को दो कार्य दिवसों के भीतर एमएचए के सीटीसीआर डिवीजन के नोडल अधिकारी को अनजाने में फ्रीज करने की सूचना देगा और अग्रेषित करेगा।

(ग) संयुक्त सचिव (सीटीसीआर), एमएचए, एमएचए के सीटीसीआर डिवीजन के यूएपीए नोडल अधिकारी होने के नाते, ऐसे सत्यापन का उत्तरदायी होगा, जो व्यक्ति / संस्था द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर आवश्यक हो सकता है, और यदि संतुष्ट हो, तो कंपनी सहित अन्य पक्षों को सूचित करते हुए, बिना किसी विलंब के, ऐसे आवेदक के स्वामित्व/धारित निधियों, वित्तीय परिसंपत्तियों या आर्थिक संसाधनों या संबंधित सेवाओं को मुक्त करने का आदेश पारित करेगा। हालांकि, यदि किसी कारण से 5 कार्य दिवसों के भीतर संपत्तियों को अनफ्रीज करने का आदेश पारित करना संभव नहीं है, तो सीटीसीआर डिवीजन के यूएपीए नोडल अधिकारी आवेदक को सूचित करेंगे।

**49. सामूहिक संहार के हथियार (डब्ल्यूएमडी) और उनकी डिलीवरी व्यवस्था (गैरकानूनी गतिविधियों का निषेध) अधिनियम, 2005 (डब्ल्यूएमडी अधिनियम, 2005) के तहत दायित्व:**

(क) कंपनी, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा दिनांक 01 सितंबर, 2023 के आदेश के तहत डब्ल्यूएमडी अधिनियम, 2005 (आरबीआई मास्टर निदेश का अनुलग्नक II) की धारा 12क के संदर्भ में निर्धारित "सामूहिक संहार के हथियार (डब्ल्यूएमडी) और उनकी डिलीवरी व्यवस्था प्रणाली (गैरकानूनी गतिविधियों का निषेध) अधिनियम, 2005 की धारा 12क के कार्यान्वयन की प्रक्रिया" का सावधानीपूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करेगी।

(ख) उपरोक्त आदेश के पैराग्राफ 3 के अनुसार, कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि यदि व्यक्ति/संस्था का ब्यौरा निर्दिष्ट सूची में शामिल ब्यौरे से मेल करता है, तो उसके साथ लेन-देन न किया जाए।

(ग) इसके अलावा, कंपनी ग्राहक के साथ रिश्ता तय  करते समय और समय-समय पर यह सत्यापित करने के लिए दिए गए मापदंडों के आधार पर जांच करेगी कि क्या निर्दिष्ट सूची में व्यक्तियों और संस्थाओं के पास एनबीएफ़सी के साथ खाते आदि के रूप में कोई फंड, वित्तीय संपत्ति आदि है अथवा नहीं।

(घ) उपरोक्त मामलों में मिलान के मामले में, कंपनी तुरंत केंद्रीय नोडल अधिकारी (सीएनओ) को शामिल फंड, वित्तीय संपत्तियों या

आर्थिक संसाधनों के पूर्ण ब्यौरे के साथ लेनदेन ब्यौरे की जानकारी देगी, जिसे डब्ल्यूएमडी अधिनियम, 2005 की धारा 12ए के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकारी के रूप में नामित किया गया है। जानकारी की एक प्रति राज्य नोडल अधिकारी, जहां खाता/लेनदेन है और आरबीआई को भेजी जाएगी। कंपनी एफआईयू-आईएनडी के पास एक एसटीआर दायर करेगी जिसमें ऊपर बताए गए खातों में किए गए, किए गए या करने का प्रयास किए गए सभी लेनदेन शामिल होंगे। कृपया नोट करें कि आदेश के पैराग्राफ 1 के अनुसार, निदेशक, एफआईयू-इंडिया को सीएनओ के रूप में नामित किया गया है।

(ङ) कंपनी एफआईयू-इंडिया के पोर्टल पर उपलब्ध समय-समय पर संशोधित निर्दिष्ट सूची को देख सकती है।

(च) यदि संदेह से परे विश्वास करने के कारण हैं कि ग्राहक द्वारा रखी गई धनराशि या संपत्ति डब्ल्यूएमडी अधिनियम, 2005 की धारा 12 ए की उप-धारा (2) के खंड (ए) या (बी) के दायरे में आती है, तो कंपनी ऐसे व्यक्ति/इकाई को वित्तीय लेनदेन करने से रोकने के साथ-साथ बिना किसी देरी के सीएनओ को ईमेल, फैक्स और डाक द्वारा सूचित करके रोकेगी।

(छ) यदि कंपनी को सीएनओ से धारा 12ए के तहत संपत्तियों को फ्रीज करने का आदेश प्राप्त होता है, तो कंपनी बिना किसी देरी के आदेश का अनुपालन करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगी।

(ज) आदेश के पैराग्राफ 7 के अनुसार धनराशि आदि को अनफ्रीज करने की प्रक्रिया देखी जाएगी। तदनुसार, अनफ्रीजिंग के संबंध में किसी व्यक्ति/इकाई से प्राप्त आवेदन की प्रति कंपनी द्वारा फ्रीज की गई संपत्ति के पूरे विवरण के साथ, जैसा कि आवेदक द्वारा दिया गया है, सीएनओ को ईमेल, फैक्स और डाक द्वारा दो कार्य दिवसों के भीतर भेज दी जाएगी।

50. कंपनी हर दिन, https://www.mea.gov.in/Implementation-of-UNSC-Sanctions-DPRK.htm पर उपलब्ध 'यूएनएससीआर 1718 नामित व्यक्तियों और संस्थाओं की प्रतिबंध सूची' का सूची में परिवर्धन, विलोपन या अन्य परिवर्तनों के संदर्भ में किसी भी संशोधन को ध्यान में रखते हुए, सत्यापन करेगी ताकि केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर संशोधित 'डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया ऑर्डर, 2017 पर सुरक्षा परिषद के संकल्प का कार्यान्वयन' का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जा सके।

50क. उपरोक्त के अलावा, कंपनी - (ए) अन्य यूएनएससीआर और (बी) यूएपीए, 1967 की पहली अनुसूची और चौथी अनुसूची में सूचियों और यूएपीए की धारा 51क और डब्ल्यूएमडी अधिनियम की धारा 12क के कार्यान्वयन से संबंधित सरकारी आदेशों के अनुपालन के लिए इसमें किसी भी संशोधन को ध्यान में रखेगी।

50ख. जब भी किसी अंतरराष्ट्रीय या अंतर-सरकारी संगठन, जिसका भारत सदस्य है और केंद्र सरकार द्वारा स्वीकार किया जाता है, द्वारा ऐसा करने के लिए कहे जाने पर कंपनी जवाबी कदम उठाएगी।

**51. क्षेत्राधिकार, जो एफएटीएफ अनुशंसाओं को लागू नहीं करते या अपर्याप्त रूप से लागू करते हैं।**

(क) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर परिचालित एफएटीएफ विवरण, और उन देशों की पहचान के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी, जो एफएटीएफ सिफारिशों को लागू नहीं करते या अपर्याप्त रूप से लागू करते हैं, पर विचार किया जाएगा। एफएटीएफ स्टेटमेंट में शामिल क्षेत्राधिकारों के एएमएल/सीएफटी प्रशासन में कमियों से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को ध्यान में रखा जाएगा। कंपनी उन देशों के प्राकृतिक और कानूनी व्यक्तियों (वित्तीय संस्थानों सहित) के साथ व्यावसायिक संबंधों और लेनदेन के लिए उन्नत समुचित सावधानी उपायों को लागू करेगी, जो जोखिमों के लिए प्रभावी और आनुपातिक हैं, जिनके लिए एफएटीएफ द्वारा इसकी मांग की गई है।

(ख) उन देशों के व्यक्तियों (विधिक व्यक्तियों और अन्य वित्तीय संस्थानों सहित) के साथ व्यावसायिक संबंधों और लेनदेन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जो एफएटीएफ की सिफारिशों और एफएटीएफ कथनों में शामिल क्षेत्राधिकारों को लागू नहीं करते हैं या अपर्याप्त रूप से लागू करते हैं।

*स्पष्टीकरण: उपरोक्त (क) तथा (ख) में संदर्भित प्रक्रिया कंपनी को एफएटीएफ कथनों में उल्लिखित देशों और क्षेत्राधिकारों के साथ वैध व्यापार और व्यावसायिक लेनदेन करने से नहीं रोकती है।*

(ग) एफएटीएफ कथनों में शामिल क्षेत्राधिकार से व्यक्तियों (विधिक व्यक्तियों और अन्य वित्तीय संस्थानों सहित) के साथ लेनदेन की पृष्ठभूमि और उद्देश्य और एफएटीएफ सिफारिशों को लागू नहीं करने वाले या अपर्याप्त रूप से लागू होने वाले देशों की जांच की जाएगी, और सभी दस्तावेजों के साथ लिखित निष्कर्षों को बनाए रखा जाएगा और अनुरोध पर रिज़र्व बैंक/अन्य संबंधित प्राधिकारियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

**52.** मंजूरी संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए नाम की स्क्रीनिंग के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कंपनी को नवीनतम तकनीकी नवाचारों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**अध्यायX**

**अन्य अनुदेश**

**53. गोपनीयता संबंधी दायित्व और सूचनाओं का आदान -प्रदान:**

(क) कंपनी ग्राहक की सूचना के संबंध में गोपनीयता बनाए रखेगी जो कंपनी और ग्राहक के बीच संविदात्मक संबंधों से उत्पन्न होती है।

(ख) ऋण खाता खोलने के उद्देश्य से ग्राहकों से एकत्र की गई सूचना को गोपनीय माना जाएगा और ग्राहक की स्पष्ट अनुमति प्राप्त किए बिना क्रॉस सेलिंग के उद्देश्य से या किसी अन्य उद्देश्य के लिए उसके विवरण का खुलासा नहीं किया जाएगा।

(ग) सरकार और अन्य एजेंसियों से डेटा/सूचना के अनुरोधों पर विचार करते समय, कंपनी खुद को संतुष्ट करेगी कि मांगी जा रही जानकारी ऐसी प्रकृति की नहीं है जो कंपनी के लेनदेन में गोपनीयता से संबंधित कानूनों के प्रावधानों का उल्लंघन करेगी।

(घ) उक्त नियम के अपवाद निम्नानुसार होंगे:

i. जहां प्रकटीकरण विधिक बाध्यता के अंतर्गत है

ii. जहां प्रकटीकरण जनता के प्रति एक कर्तव्य है,

iii. जहाँ प्रकटीकरण कंपनी के हित में अपेक्षित हो, और

iv. जहां प्रकटीकरण ग्राहक की स्पष्ट या निहित सहमति से किया गया हो।

**53क. विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 के उपबंधों का अनुपालन**

कंपनी विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के उपबंधों का पालन सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा, कंपनी गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त सलाह के आधार पर रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए किसी भी निर्देश/संचार का सावधानीपूर्वक अनुपालन भी सुनिश्चित करेगी।

**54. सीडीडी क्रियाविधि तथा केंद्रीय के वाई सी रिकॉर्ड्स रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआर के साथ सूचना साझा करना**

(क) पीएमएल नियमों के नियम 9(1ए) के प्रावधान के अनुसार, कंपनी ग्राहक के केवाईसी रिकॉर्ड को हासिल करेगी और ग्राहक के साथ खाता-आधारित संबंध शुरू होने के 10 दिनों के भीतर सीकेवाईसीआर पर अपलोड करेगी।

(ख) केवाईसी डेटा अपलोड करने के लिए परिचालन दिशानिर्देश सीईआरएसएआई द्वारा जारी किए गए हैं।

(ग) कंपनी 'व्यक्तियों' और 'कानूनी संस्थाओं' (एलई) के लिए तैयार किए गए केवाईसी टेम्पलेट्स के अनुसार, जैसा भी मामला हो, नियमों में उल्लिखित तरीके से सीकेवाईसीआर के साथ साझा करने के लिए केवाईसी जानकारी प्राप्त करेगी। टेम्प्लेट को आवश्यकतानुसार समय-समय पर संशोधित किया जा सकता है और सीईआरएसएआई द्वारा जारी किया जा सकता है।

(घ) सीकेवाईसीआर का 'लाइव रन' 15 जुलाई, 2016 से चरणबद्ध तरीके से नए 'व्यक्तिगत खातों' के साथ शुरू हुआ।

एनबीएफ़सी को पूर्वोक्त नियमों के प्रावधानों के अनुसार सीकेवाईसीआर के साथ 1 अप्रैल, 2017 को या उसके बाद खोले गए सभी नए व्यक्तिगत खातों से संबंधित केवाईसी डेटा अपलोड करना शुरू करना आवश्यक था।

(ङ) कंपनी 1 अप्रैल, 2021 को या उसके बाद खोले गए एलई के खातों से संबंधित केवाईसी रिकॉर्ड सीकेवाईसीआर के साथ उपरोक्त नियमों के उपबंधों के अनुसार अपलोड करेगी। केवाईसी रिकॉर्ड को सीईआरएसआईए द्वारा जारी एलई टेम्पलेट के अनुसार अपलोड करना होगा।

(च) एक बार सीकेवाईसीआर द्वारा केवाईसी पहचानकर्ता तैयार हो जाने पर, कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि इसे व्यक्ति/एलई को सूचित किया जाए, जैसा भी मामला हो।

(छ) यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी केवाईसी रिकॉर्ड उत्तरोत्तर रूप से सीकेवाईसीआर पर अपलोड किए गए हैं, कंपनी क्रमशः (च) और (छ) में उपर्युक्त तिथियों से पहले खोले गए व्यक्तिगत ग्राहकों और एलई के खातों से संबंधित केवाईसी डेटा को इस नीति के अनुच्छेद 32 में निर्दिष्ट आवधिक अद्यतनीकरण के समय, या उससे पहले, जब ग्राहक से अद्यतन केवाईसी जानकारी प्राप्त/प्राप्त की जाती है, को अपडेट करेगी। इसके अतिरिक्त, जब भी कंपनी किसी भी ग्राहक से इस अनुच्छेद के खंड (j) के अंतर्गत या पीएमएल नियमों के नियम 9 (1C) के अनुसार कोई अतिरिक्त अथवा अद्यतन जानकारी प्राप्त करती है, तो कंपनी सात दिनों के भीतर या केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित किसी अन्य अवधि के भीतर, अद्यतन जानकारी सीकेवाईसीआर को उपलब्ध कराएगी; और सीकेवाईसीआर, मौजूदा ग्राहक के केवाईसी रिकॉर्डों को सीकेवाईसीआर में अद्यतन करेगा। इसके बाद, सीकेवाईसीआर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सभी रिपोर्टिंग संस्थाओं को सूचित करेगा, जिन्होंने संबंधित ग्राहक के साथ लेनदेन किया है, और उन्हें उक्त ग्राहक के केवाईसी रिकॉर्ड के अद्यतन होने की जानकारी देगा। जब सीकेवाईसीआर किसी मौजूदा ग्राहक के केवाईसी रिकॉर्ड में हुए अद्यतन के बारे में कंपनी को सूचित कर देता है, तो कंपनी सीकेवाईसीआर से अद्यतन केवाईसी रिकॉर्ड पुनर्प्राप्त करेगी और कंपनी द्वारा रखे गए केवाईसी रिकॉर्ड को अद्यतन करेगी।

(ज) कंपनी यह सुनिश्चित करेगी कि आवधिक अद्यतनीकरण के दौरान, ग्राहकों को वर्तमान सीडीडी मानक में माइग्रेट किया जाए।

(झ) जहाँ किसी ग्राहक के साथ खाता-आधारित संबंध स्थापित करने, केवाईसी अद्यतन/आवधिक अद्यतन करने या ग्राहक की पहचान के सत्यापन के प्रयोजनों के लिए, कंपनी ग्राहक से केवाईसी पहचानकर्ता मांगेगी या यदि उपलब्ध हो, तो सीकेवाईसीआर से केवाईसी पहचानकर्ता पुनर्प्राप्त करेगी, और ऐसे केवाईसी पहचानकर्ता का उपयोग करके ऑनलाइन केवाईसी रिकॉर्ड प्राप्त करने की प्रक्रिया के लिए आगे बढ़ेगी तथा ग्राहक से वही केवाईसी रिकॉर्ड या सूचना अथवा कोई भी अतिरिक्त पहचान दस्तावेज या विवरण प्रस्तुत करने की अपेक्षा नहीं करेगी, जब तक कि -

(i) सीकेवाईसीआर के अभिलेख में मौजूद ग्राहक की सूचना में परिवर्तन नहीं हो; या

(ii) पुनर्प्राप्त किया गया केवाईसी रिकॉर्ड या सूचना अपूर्ण न हो अथवा वर्तमान में लागू केवाईसी मानदंडों के अनुरूप न हो; या

(iii) डाउनलोड किए गए दस्तावेजों की वैधता अवधि समाप्त न हो चुकी हो; या

(iv) ग्राहक की पहचान या पते (वर्तमान पता सहित) को सत्यापित करने के लिए, या संबर्धित समुचित सावधानी बरतने या ग्राहक की उपयुक्त जोखिम प्रोफ़ाइल बनाने के लिए कंपनी इसे आवश्यक न समझती हो।

तदनुसार, ग्राहक को ऑनबोर्ड करते समय कंपनी, ग्राहक की सहमति से सीकेवाईसीआर से ग्राहक के केवाईसी रिकॉर्ड को ऑनलाइन डाउनलोड करेगी, और ग्राहक से वही रिकॉर्ड दोबारा जमा करने की अपेक्षा नहीं करेगी, जब तक कि सीकेवाईसीआर के पास उपलब्ध रिकॉर्ड में कोई बदलाव न हुआ हो।

स्पष्टीकरण: जिस विनियमित संस्था (आरई) ने ग्राहक के केवाईसी रिकॉर्ड को आखिरी बार सीकेवाईसीआर में अपलोड या अद्यतन किया हो, वही ग्राहक की पहचान और/या पते के सत्यापन के लिए उत्तरदायी होगी, जैसा भी लागू हो। तदनुसार, सीकेवाईसीआर से ऐसे रिकॉर्ड डाउनलोड कर उन पर भरोसा करने वाली किसी भी एनबीएफसी को ग्राहक की पहचान और/या पते की प्रामाणिकता का पुनः सत्यापन करने की आवश्यकता नहीं होगी, बशर्ते कि सीकेवाईसीआर से डाउनलोड किए गए केवाईसी रिकॉर्ड मौजूदा हों तथा धन-शोधन निवारण अधिनियम, 2002 / पीएमएल नियम, 2005 के अनुरूप हों। सीकेवाईसीआर से डाउनलोड किए गए केवाईसी रिकॉर्ड पर भरोसा करने वाली एनबीएफसी, ग्राहक की पहचान और/या पते के सत्यापन के सिवाय, सीडीडी प्रक्रिया के सभी पहलुओं और इन निदेशों के प्रावधानों के अनुपालन के लिए उत्तरदायी बनी रहेगी।

**55. विदेशी खातों संबंधी कर अनुपालन अधिनियम (एफ़एटीसीए) और सामान्य रिपोर्टिंग मानक" (सीआरएस) के तहत रिपोर्टिंग की आवश्यकता**

एफएटीसीए और सीआरएस के तहत, कंपनी, जहां तक उस पर लागू होता है, आयकर नियम 114F, 114G और 114H के प्रावधानों का पालन करेगी और यह निर्धारित करेगी कि क्या वे एक रिपोर्टिंग वित्तीय संस्थान हैं जैसा कि आयकर नियम 114F में परिभाषित किया गया है और यदि ऐसा है, तो रिपोर्टिंग आवश्यकताएं के अनुपालन के लिए निम्नलिखित कदम उठाएगी:

(क) आयकर विभाग के संबंधित ई-फिलिंग पोर्टल पर रिपोर्टिंग वित्तीय संस्थानों के रूप में लिंक https://incometaxindiaefiling.gov.in/ पोस्ट लॉगिन ->माई अकाउंट ->रिपोर्टिंग वित्तीय संस्थान के रूप में पंजीकरण किया जाएगा।

(ख) फॉर्म 61बी या 'शून्य' रिपोर्ट अपलोड करके 'पदनामित निदेशक' के डिजिटल हस्ताक्षर का उपयोग करके ऑनलाइन रिपोर्ट जमा करें, जिसके लिए केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा तैयार किए गए स्कीमा को संदर्भित किया जाएगा।

*स्पष्टीकरण: कंपनी, नियम 114एच के संदर्भ में रिपोर्ट करने योग्य खातों की पहचान करने के उद्देश्य से फॉरेन एक्सचेंज डीलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (FEDAI) द्वारा अपनी वेबसाइट http://www.fedai.org.in/RevaluationRates.aspx पर समुचित सावधानी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए प्रकाशित स्पॉट रेफरेंस दरों का उल्लेख करेगी।*

(ग) नियम 114एच में यथा उपबंधित समुचित सावधानी प्रक्रिया को पूरा करने और उसे रिकॉर्ड करने और बनाए रखने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) ढांचे का विकास करेगी।

(घ) आईटी ढांचे और आयकर नियमों के नियम 114एफ, 114जी और 114एच के अनुपालन के लिए ऑडिट की प्रणाली विकसित की जाएगी।

(ङ) अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए पदनामित निदेशक या किसी अन्य समकक्ष अधिकारी के तहत "उच्च स्तरीय निगरानी समिति" या जोखिम समिति का गठन किया जाएगा।

(च) केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा समय-समय पर इस विषय पर जारी किए गए अद्यतन निर्देशों/नियमों/मार्गदर्शन नोटों/प्रेस विज्ञप्तियों का अनुपालन सुनिश्चित करेगी और वेबसाइट http://www.incometaxindia.gov.in/Pages/default.aspx. पर उपलब्ध कराएगी। कंपनी निम्नलिखित पर ध्यान दे सकती है:

i. एफएटीसीए और सीआरएस पर अद्यतन मार्गदर्शन नोट

ii. नियम 114एच (8) के तहत 'वित्तीय खातों को बंद करने' पर एक प्रेस विज्ञप्ति।

**भुगतान लिखत प्रस्तुत करने की अवधि**

**56. खातों और 'धनशोधन का माध्यम' का परिचालन**

एचएफसी के रूप में जहां तक कंपनी से संबंधित और उस पर लागू होता है, खाता खोलने और लेनदेनों की निगरानी संबंधी अनुदेशों का पालन कड़ाई से किया जाना चाहिए ताकि ''धनशोधन के माध्यमों (मनी म्यूल)'' के कार्यकलापों को कम किया जा सके जो अपराधियों द्वारा धोखाधड़ी वाली योजनाओं (उदाहरणार्थ फिशिंग तथा पहचान की चोरी) से होने वाली आय का शोधन करने के लिए `धनशोधन के माध्यम' के रूप में कार्य करने वाले कुछ व्यक्तियों का इस्तेमाल किया जा सकता है जो धनशोधन का माध्यम बना दिये गए ऐसे तीसरे पक्षकारों को भर्ती कर जमा खातों तक अवैध रूप से पहुँच बना लेते हैं। कंपनी अपने ग्राहकों के ऋण खातों के संबंध में समुचित सावधानी उपाय और सावधानीपूर्वक निगरानी करेगी और एफआईयू-आईएनडी को संदिग्ध लेनदेन की रिपोर्ट करने सहित उचित कार्रवाई

करेगी। अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक और लागू सभी प्रासंगिक सावधानियां बरती जानी चाहिए।

**57. आदाता खाता चेक का संग्रहण**

ग्राहक के अलावा किसी अन्य व्यक्ति के लिए आदाता खाता चेक का संग्रहण नहीं किया जाना चाहिए। बैंक अपने विवेकानुसार 50,000/- रुपए से अनधिक राशि के ऐसे आदाता खाता चेक का संग्रहण अपने ग्राहकों के खातों में जमा करने के लिए कर सकते हैं जो सहकारी समितियां हों, बशर्ते ऐसे चेकों के आदाता उन सहकारी ऋण समितियों के ग्राहक हों।

**58.** क) व्यक्तिगत ग्राहकों / कंपनियों / फर्मों / एलएलपी / व्यक्तियों के संघ (एओपी) / व्यक्तियों के निकाय (बीओआई)/उनके निदेशकों / साझेदारों / ट्रस्टियों आदि (जिसमें मौजूदा व्यक्तिगत ग्राहक भी सम्मिलित हैं) के साथ नए संबंध स्थापित करते समय एक विशिष्ट ग्राहक पहचान कोड (यूसीआईसी) आवंटित किया जाएगा।

ख) कंपनी, अपने विकल्प के अनुसार, सभी वॉक-इन/ यदा-कदा आने वाले ग्राहकों को यूसीआईसी जारी नहीं करेगी, बशर्ते यह सुनिश्चित किया जाता है कि ऐसे वॉक-इन ग्राहकों की पहचान करने की पर्याप्त व्यवस्था मौजूद है, जिनके साथ वे बार-बार लेनदेन करते हैं तथा यह सुनिश्चित किया जाता है कि उन्हे यूसीआईसी जारी किया जात है।

**59.** एचएफसी के रूप में लागू सीमा तक ऋण खातों से संबंधित **नई प्रौद्योगिकियों की शुरूआत-**

नई या विकासशील प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के खतरों के किसी भी धन-शोधन और वित्तपोषण पर पर्याप्त ध्यान दिया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नए उत्पादों/सेवाओं/प्रौद्योगिकियों को पेश करने से पहले समय-समय पर जारी उपयुक्त केवाईसी प्रक्रियाओं को एचएफसी के रूप में कंपनी के लिए प्रासंगिक सीमा तक विधिवत लागू किया जाएगा।

कंपनी एमएल/टीएफ जोखिमों की पहचान और आकलन करेगी जो नए प्रोडक्ट् के विकास और नए डिलीवरी व्यस्था सहित नई व्यावसायिक प्रथाओं और नए और पहले से मौजूद दोनों प्रोडक्ट्स के लिए नई या विकासशील प्रौद्योगिकियों के उपयोग के संबंध में उत्पन्न हो सकते हैं।

इसके अलावा, कंपनी यह सुनिश्चित करेगी:

(क) ऐसे प्रोडक्ट्स, प्रथाओं, सेवाओं, प्रौद्योगिकियों के लॉन्च या उपयोग से पहले एमएल/टीएफ जोखिम मूल्यांकन करना; और

(ख) उचित ईडीडी उपायों और लेनदेन निगरानी आदि के माध्यम से जोखिमों को प्रबंधित और कम करने के लिए जोखिम-आधारित दृष्टिकोण अपनाना।

**60. स्थाई खाता संख्या (पैन) का उल्लेख करना**

समय-समय पर संशोधित कंपनी पर लागू आयकर नियम 114बी के प्रावधानों के अनुसार लेनदेन करते समय ग्राहकों का स्थाई खाता संख्या (पैन) या समकक्ष ई-दस्तावेज प्राप्त और सत्यापित किया जाएगा। फॉर्म 60 उन व्यक्तियों से प्राप्त किया जाएगा जिनके पास पैन या समकक्ष ई-दस्तावेज नहीं है।

**61. तृतीय पक्ष के उत्पादों की बिक्री-**

समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार तृतीय पक्ष के उत्पादों को बेचते समय एजेंट के रूप में कार्य करने वाली कंपनी इस नीति के उद्देश्य के लिए निम्नलिखित पहलुओं का पालन करेगी:

(क) वॉक-इन ग्राहक की पहचान और पते को इस नीति की आवश्यकताओं के अनुसार पचास हजार रुपये से अधिक के लेनदेन के लिए सत्यापित किया जाएगा।

(ख) तृतीय पक्ष के उत्पादों और संबंधित रिकॉर्ड की बिक्री के लेनदेन विवरण इस नीति की आवश्यकताओं के अनुसार बनाए रखा जाएगा।

(ग) वॉक-इन ग्राहकों सहित ग्राहकों के साथ तृतीय पक्ष के उत्पादों से संबंधित लेनदेन के संबंध में सीटीआर / एसटीआर दाखिल करने के उद्देश्य से अलर्ट कैप्चर करने, उत्पन्न करने और विश्लेषण करने में सक्षम एएमएल सॉफ्टवेयर उपलब्ध होगा।

(घ) पचास हजार रुपये और उससे अधिक के लेनदेन केवल किसके द्वारा किए जाएंगे:

- ग्राहकों के खाते में या चेक के बदले डेबिट; तथा
- खाता-आधारित और आगंतुक (वॉक-इन) ग्राहकों द्वारा उपलब्ध कराए गए पैन को प्राप्त करना एवं उसका सत्यापन करना।

(ङ) उपरोक्त 'डी' में निर्देश कंपनी के अपने उत्पादों की बिक्री, क्रेडिट कार्ड के देय भुगतान/प्रीपेड/ट्रैवल कार्डों की बिक्री और रीलोडिंग और पचास हजार रुपये और उससे अधिक के किसी भी अन्य उत्पाद पर भी लागू होंगे।

## 62. कर्मचारियों की भर्ती और कर्मचारी प्रशिक्षण

(क) कार्मिक भर्ती/भर्ती प्रक्रिया के अभिन्न अंग के रूप में 'अपने कर्मचारी/कर्मचारी को जानें' नीति सहित पर्याप्त स्क्रीनिंग तंत्र स्थापित किया जाएगा।

(ख) कंपनी यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि केवाईसी/एएमएल/सीएफटी मामलों के संबंध में कार्य करने वाले/तैनात किए जाने वाले कर्मचारियों में: उच्च सत्यनिष्ठा और नैतिक मानक, मौजूदा केवाईसी/एएमएल/सीएफटी मानकों की अच्छी समझ, प्रभावी संचार कौशल और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदलते केवाईसी/एएमएल/सीएफटी परिदृश्य के साथ अपडेट बने रहने की क्षमता हो। कंपनी एक ऐसा वातावरण विकसित करने का भी प्रयास करेगी जो कर्मचारियों के बीच खुले संचार और उच्च सत्यनिष्ठा को बढ़ावा दे।

(ख) वर्तमान कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण की सतत व्यवस्था की जाएगी ताकि स्टाफ सदस्य केवाईसी/ एएमएल/सीएफटी नीति के बारे समुचित रूप से प्रशिक्षित हो सकें। फ्रंटलाइन स्टाफ, अनुपालन स्टाफ और नए ग्राहकों को सेवा देने वाले स्टाफ सदस्यों को उनके कार्य के अपेक्षानुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। फ्रंट डेस्क स्टाफ को ग्राहक शिक्षा की कमी के कारण उत्पन्न स्थितियों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाए। ऑडिट कार्य के लिए उचित स्टाफ दिया जाए, जो प्रशिक्षित हो और कंपनी की केवाईसी/एएमएल/सीएफटी नीति, विनियम और संबंधित मामलों से अच्छी तरह परिचित हो।

**अनुलग्नक I**

**<u>डिजिटल केवाईसी प्रक्रिया</u>**

क. कंपनी जब तक संभव हो, डिजिटल केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया के लिए एक एप्लिकेशन विकसित करेगी, जो उनके ग्राहकों के केवाईसी करने के लिए ग्राहक संपर्क बिंदुओं पर उपलब्ध कराया जाएगा और केवाईसी प्रक्रिया केवल कंपनी के इस प्रमाणित आवेदन के माध्यम से की जाएगी, जैसा कि जब तक संभव हो। कंपनी के बोर्ड द्वारा अनुमोदित क्रेडिट नीति के अनुसार सभी प्रकार के ग्राहकों से एकत्र किए गए केवाईसी दस्तावेजों को वैध और बाध्यकारी माना जाएगा, जो आरबीआई/एनएचबी द्वारा अधिसूचित और परिचालित नियामक प्रावधानों के अनुपालन के अधीन होगा।

ख. एप्लिकेशन की पहुंच कंपनी द्वारा नियंत्रित की जाएगी और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इसका उपयोग अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा न किया जाए। एप्लिकेशन को कंपनी द्वारा अपने अधिकृत अधिकारियों को दिए गए लॉगिन-आईडी और पासवर्ड या लाइव ओटीपी या टाइम ओटीपी नियंत्रित तंत्र के माध्यम से ही एक्सेस किया जाएगा।

ग. ग्राहक, केवाईसी के प्रयोजन के लिए, कंपनी के अधिकृत अधिकारी या इसके विपरीत के स्थान का दौरा करेगा। मूल ओवीडी ग्राहक के पास होगा।

घ. कंपनी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ग्राहक की लाइव फोटो अधिकृत अधिकारी द्वारा ली गई है और वही फोटो ग्राहक आवेदन पत्र (सीएएफ) में एम्बेड की गई है। इसके अलावा, कंपनी का सिस्टम एप्लिकेशन  ग्राहक के कैप्चर किए गए लाइव फोटोग्राफ परसीएएफ नंबर, जीपीएस निर्देशांक, अधिकृत अधिकारी का नाम, अद्वितीय कर्मचारी कोड (कंपनी द्वारा सौंपा गया) और दिनांक (DD:MM:YYYY) और टाइम स्टैम्प (HH:MM:SS) के साथ पढ़ने योग्य रूप में वॉटर-मार्क लगाएगा ।

ङ. कंपनी के एप्लिकेशन में यह विशेषता होगी, कि ग्राहक की केवल लाइव फोटो खींची जाती है और ग्राहक की कोई मुद्रित या वीडियो-ग्राफ वाली फोटो नहीं ली जाती है। लाइव फोटो खींचते समय ग्राहक के पीछे की पृष्ठभूमि सफेद रंग की होनी चाहिए और ग्राहक की लाइव फोटो खींचते समय कोई अन्य व्यक्ति फ्रेम में नहीं आना चाहिए।

च. इसी तरह, मूल ओवीडी की लाइव फोटो या आधार के प्राप्ति का प्रमाण, जहां ऑफलाइन सत्यापन (क्षैतिज रूप से रखा गया है) नहीं किया जा सकता है, ऊपर से लंबवत रूप से कैप्चर किया जाएगा और ऊपर बताए अनुसार पठनीय रूप में वॉटर-मार्किंग की जाएगी। मूल दस्तावेजों की लाइव फोटो खींचते समय मोबाइल डिवाइस में कोई टेढ़ापन या झुकाव नहीं होना चाहिए।

छ. ग्राहक का लाइव फोटोग्राफ और उसके मूल दस्तावेज उचित प्रकाश में लिए जाएंगे ताकि वे स्पष्ट रूप से पठनीय और पहचान योग्य हों।

ज. इसके बाद, सीएएफ में सभी प्रविष्टियां ग्राहक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और सूचनाओं के अनुसार भरी जाएंगी। उन दस्तावेजों में जहां त्वरित प्रतिक्रिया (क्यूआर) कोड उपलब्ध है, ऐसे विवरणों को मैन्युअल रूप से विवरण दाखिल करने के बजाय क्यूआर कोड को स्कैन करके ऑटो-पॉप्युलेट किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यूआईडीएआई से डाउनलोड किए गए भौतिक आधार/ई-आधार के मामले में जहां क्यूआर कोड उपलब्ध है, आधार/ई-आधार पर उपलब्ध क्यूआर को स्कैन करके नाम, लिंग, जन्म तिथि और पते जैसे विवरण ऑटो-पॉप्युलेट किए जा सकते हैं।

झ. एक बार उपर्युक्त प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, ग्राहक के अपने मोबाइल नंबर पर एक वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) संदेश भेजा जाएगा जिसमें लिखा होगा कि 'कृपया ओटीपी साझा करने से पहले फॉर्म में भरे गए विवरणों को सत्यापित करें'। ओटीपी के सफल सत्यापन पर, इसे सीएएफ पर ग्राहक के हस्ताक्षर के रूप में माना जाएगा। हालांकि, यदि ग्राहक के पास अपना मोबाइल नंबर नहीं है, तो इस उद्देश्य के लिए उसके परिवार/रिश्तेदारों/ज्ञात व्यक्तियों के मोबाइल नंबर का उपयोग किया जा सकता है और सीएएफ में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जा सकता है। किसी भी स्थिति में, पंजीकृत अधिकृत अधिकारी का मोबाइल नंबर ग्राहक के हस्ताक्षर के लिए उपयोग किया जाता है। कंपनी

को यह जांचना होगा कि ग्राहक के हस्ताक्षर में उपयोग किया गया मोबाइल नंबर अधिकृत अधिकारी का मोबाइल नंबर नहीं है।

ञ. अधिकृत अधिकारी ग्राहक के लाइव फोटोग्राफ और मूल दस्तावेज को कैप्चर करने के बारे में एक घोषणा प्रदान करेगा। इस प्रयोजन के लिए, अधिकृत अधिकारी को वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) से सत्यापित किया जाएगा जो कंपनी के साथ पंजीकृत उसके मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। सफल ओटीपी सत्यापन पर, इसे घोषणा पर अधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर के रूप में माना जाएगा। इस अधिकृत अधिकारी की घोषणा में अधिकृत अधिकारी की लाइव फोटो भी खींची जाएगी।

ट. इन सभी गतिविधियों के बाद, आवेदन प्रक्रिया के पूरा होने और कंपनी के एक्टिवेशन अधिकारी को एक्टिवेशन अनुरोध दर्ज करने के बारे में जानकारी देगा, और प्रक्रिया की लेनदेन-आईडी/संदर्भ-आईडी संख्या भी उत्पन्न करेगा। प्राधिकृत अधिकारी भविष्य के संदर्भ के लिए ग्राहक को लेनदेन-आईडी/संदर्भ-आईडी संख्या के बारे में विवरण सूचित करेगा।

ठ. कंपनी का अधिकृत अधिकारी जांच करेगा और सत्यापित करेगा कि: - (i) दस्तावेज़ की फोटो में उपलब्ध जानकारी सीएएफ में अधिकृत अधिकारी द्वारा दर्ज की गई जानकारी से मेल खाती है। (ii) ग्राहक का लाइव फोटोग्राफ दस्तावेज में उपलब्ध फोटो से मेल खाता है। और (iii) अनिवार्य फील्ड सहित सीएएफ में सभी आवश्यक विवरण ठीक से भरे गए हैं;

ड. सफल सत्यापन पर, सीएएफ को कंपनी के अधिकृत अधिकारी द्वारा डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित किया जाएगा, जो सीएएफ का एक प्रिंट लेगा, उपयुक्त स्थान पर ग्राहक के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान प्राप्त करेगा, फिर उसे स्कैन करके सिस्टम में अपलोड करेगा। मूल हार्ड कॉपी ग्राहक को वापस की जा सकती है।

**अनुलग्नक ॥**

**अतिरिक्त केवाईसी दस्तावेजों की सूची जिन पर कम जोखिम श्रेणी के ग्राहकों के लिए विचार किया जा सकता है:**

**यह दस्तावेजों की सांकेतिक सूची है जो कम जोखिम श्रेणी के ग्राहकों से प्राप्त की जा सकती है। अधिक मार्गदर्शन के लिए कृपया इस नीति के प्रासंगिक अनुच्छेदों के साथ-साथ क्रेडिट नीति देखें।**

**व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए केवाईसी दस्तावेज:**

| क्र. सं. | स्वीकार्य दस्तावेज | पहचान | आवासीय पता | हस्ताक्षर | जन्म तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पैन कार्ड* | हाँ | नहीं | हाँ | हाँ |
| 2 | आधार यूआईडी कार्ड# | हाँ | नहीं | नहीं | नहीं |
| 3 | मतदाता पहचान पत्र | हाँ | हाँ | नहीं | हाँ |
| 4 | ड्राइविंग लाइसेंस | हाँ | हाँ | नहीं | हाँ |
| 5 | राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र जिसमें नाम और ब्यौरा शामिल है | हाँ | हाँ | नहीं | नहीं |
| 6 | मान्य पासपोर्ट | हाँ | हाँ | हाँ | हाँ |
| 7 | राज्य सरकार या केंद्र सरकार के विभागों, वैधानिक या नियामक प्राधिकरणों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों और सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी किए गए आवेदक की फोटो के साथ पहचान पत्र। | हाँ | नहीं | नहीं | हाँ |
| 8 | नरेगा/सरकारी एजेंसी/उपक्रमों द्वारा जारी जॉब कार्ड | हाँ | नहीं | नहीं | हाँ |
| 9 | व्यक्ति की विधिवत सत्यापित फोटो के साथ राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी पत्र, | हाँ | नहीं | नहीं | नहीं |
| 10 | ग्राहक की पहचान/फोटो की पुष्टि करने वाले किसी मान्यता प्राप्त सार्वजनिक प्राधिकरण या राजपत्रित अधिकारी का पत्र | हाँ | नहीं | नहीं | नहीं |
| 11 | बैंक खाता विवरण का प्रथम पृष्ठ / **फोटो के साथ पास बुक और फोटो पर बैंक की मुहर।** | हाँ | हाँ | नहीं | नहीं |
| 12 | उपयोगिता बिल (बिजली, लैंडलाइन टेलीफोन, पोस्ट पेड मोबाइल, पाइप्ड गैस लाइन, पानी) 2 महीने से अधिक पुराना नहीं है। | नहीं | हाँ | नहीं | नहीं |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | ग्राहक के नाम पर विधिवत पंजीकृत मूल/प्रमाणित बिक्री विलेख/करार, जैसा लागू हो, नीति/प्रक्रिया के अनुसार एकत्र किया जाना चाहिए।<br>स्वीकार्य ओवीडी दस्तावेज़ के अनुसार प्रस्तुत किए गए पते के प्रमाण के मामले में वर्तमान पते से अलग पता है, तो ऐसे ओवीडी पते के प्रमाण को मूल में सत्यापित किया जाना चाहिए और एफ आई / सत्यापन सर्वोत्तम प्रयास के आधार पर किया जाना चाहिए। वर्तमान पते के प्रमाण के लिए, ग्राहक रेंटएग्रीमेंट / लीव एंड लाइसेंस एग्रीमेंटया एकस्व-घोषणा की एक प्रति जमा कर सकता है और ऐसे वर्तमान पते को FI एजेंसी / कंपनी / शाखा अधिकारीद्वारा व्यक्तिगत यात्रा के माध्यम से सत्यापित करने की आवश्यकता है। | नहीं | हाँ | नहीं | नहीं |
| 14 | नवीनतम संपत्ति या नगर कर रसीद | नहीं | हाँ | नहीं | नहीं |
| 15 | राज्य सरकार या केंद्र सरकार के विभागों, वैधानिक या नियामक निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, वित्तीय संस्थानों और सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा जारी नियोक्ता से आवास के आवंटन का पत्र और आधिकारिक आवास आवंटित करने वाले ऐसे नियोक्ताओं के साथ लीव और लाइसेंस करार (समझौता)। | नहीं | हाँ | नहीं | नहीं |
| 16 | सरकारी विभागों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जारी पेंशन या पारिवारिक पेंशन भुगतान आदेश, यदि उनमें पता है | नहीं | हाँ | नहीं | नहीं |
| 17 | भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी पत्र जिसमें नाम, पता और आधार संख्या का विवरण शामिल है | नहीं | हाँ | नहीं | नहीं |
| 18 | जन्म प्रमाण पत्र (सरकारी एजेंसी) | नहीं | नहीं | नहीं | हाँ |
| 19 | स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र (10वीं/12वीं) | नहीं | नहीं | नहीं | हाँ |
| 20 | उस बैंक से हस्ताक्षर सत्यापन प्रमाण पत्र जहां उधारकर्ता खाता चला रहा है | नहीं | नहीं | नहीं | हाँ |

ध्यातव्य:- * जिन मामलों में पैन उपलब्ध नहीं है, वहाँ सभी आवेदकों, सह-आवेदक(कों) और गारंटर के लिए फॉर्म 60 अनिवार्य रूप से प्राप्त किया जाएगा।

# आधार का प्रमाणीकरण किया जाना आवश्यक है।

**अनुलग्नक III**

**1. फर्म / कंपनी से पते के प्रमाण के रूप में प्राप्त किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची (बिंदु (क से घ) तक अनिवार्य और (ङ से छ) में से कोई भी एक दस्तावेज)**

| क्र.सं. | दस्तावेज | अनिवार्य | फर्म | कंपनी |
|---|---|---|---|---|
| क | निगमन प्रमाणपत्र | हाँ | | हाँ |
| ख | संस्था के बहिर्नियम एवं अंतर्नियम | हाँ | | हाँ |
| ग | पंजीकृत साझेदारी विलेख | हाँ | हाँ | |
| घ | पैन कार्ड आवंटन पत्र की प्रति | हाँ | हाँ | हाँ |
| ङ | फर्म का नवीनतम बिजली बिल या दूरभाष बिल (दो माह से अधिक पुराना न हो) | | हाँ | हाँ |
| च | व्यवसाय पंजीकरण प्रमाणपत्र, यदि कोई हो (जीएसटी) | | हाँ | हाँ |
| छ | राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक का बैंक विवरण | | हाँ | हाँ |

**2. फर्म/ एलएलपी/ कंपनी के साथ अपनी संबद्धता के पहचान प्रमाण के रूप में उनके साझेदारों/निदेशकों से प्राप्त किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची**

| दस्तावेज का प्रकार | | पहचान का प्रमाण |
|---|---|---|
| (निदेशक/साझेदार/ट्रस्टी/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, आदि) | बोर्ड का संकल्प | हाँ |
| | निदेशक पहचान संख्या | हाँ |
| | पते के प्रमाण और पहचान के प्रमाण के लिए | अनुलग्नक II देखें |

**अनुलग्नक –IV**

**क. बिल्डर/परियोजना/कॉर्पोरेट ग्राहकों से संबंधित एसटीआर की निदर्शी सूची:**

**1.** ग्राहक (क्लाइंट) की विधिक संरचना में कई बार बदलाव किया गया है (नाम में परिवर्तन, स्वामित्व का हस्तांतरण, कॉर्पोरेट सीट का परिवर्तन);

**2.** परियोजना की कुल लागत की तुलना में छोटे ऋण के लिए एएचएफएल से संपर्क करने वाला बिल्डर;

**3.** बिल्डर परियोजना के लिए धन के स्रोतों की व्याख्या करने में असमर्थ है;

**4.** विभिन्न प्राधिकारियों से अनुमोदन/प्रतिबंध नकली साबित होते हैं या यदि ऐसा प्रतीत होता है कि ग्राहक आवश्यक सरकारी अनुमोदन/फाइलिंग आदि प्राप्त नहीं करना चाहता है;

**5.** प्रबंधन अनजान या अनुपयुक्त व्यक्ति (व्यक्तियों) के निर्देशों के अनुसार कार्य करता प्रतीत होता है;

**6.** व्यवसाय के आकार या प्रकृति को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों की संख्या या संरचना (उदाहरणस्वरूप, कर्मचारियों की संख्या और उपयोग की गई संपत्ति को देखते हुए कंपनी का कारोबार अनुचित रूप से अधिक है);

**7.** बहु-क्षेत्राधिकार परिचालन वाले ग्राहक जिनके पास पर्याप्त केंद्रीकृत कॉर्पोरेट निरीक्षण नहीं है;

**8.** विधिक व्यवस्था की स्थापना पर सलाह, जिसका उपयोग स्वामित्व या वास्तविक आर्थिक उद्देश्य को अस्पष्ट करने के लिए किया जा सकता है (न्यास, कंपनियों की स्थापना या नाम / कॉर्पोरेट सीट या अन्य जटिल समूह संरचनाओं की संस्थापना सहित);

**9.** नकद या आसानी से हस्तांतरणीय संपत्तियों में उच्च स्तर के लेनदेन वाली संस्थाएं, जिनमें से अवैध धन को छिपाया जा सकता है।

**10.** उन देशों से जुड़े ग्राहक जो वाहक शेयरों की अनुमति देते हैं।

**ख. रिपोर्ट किए जाने वाले (व्यक्तिगत ग्राहक) सीटीआर/एसटीआर लेन-देनों की निदर्शी सूची**

**1.** ग्राहक (क्लाइंट) से संबंधित विवरण कई बार बदले गए हैं (नाम परिवर्तन, बार-बार सुधार आदि);

**2.** अनावश्यक रूप से जटिल ग्राहक संरचना;

**3.** व्यक्तिगत या लेन-देन के वर्ग जो व्यवसाय प्रोफ़ाइल से असंबंधित होते हैं, और अपेक्षित गतिविधियाँ / अज्ञात लेन-देन;

**4.** ग्राहक सूचना, डेटा, दस्तावेज प्रदान करने में अनिच्छुक है;

**5.** नकली दस्तावेज, डेटा, ऋण का उद्देश्य, खातों का विवरण प्रस्तुत करना;

**6.** आय के स्रोत, जिसके द्वारा प्रारंभिक योगदान किया गया है का विवरण प्रस्तुत करने से इनकार करता है, बैंक खाते में धन के स्रोत संदिग्ध हैं आदि ;

**7.** व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए अनिच्छुक, पर्याप्त कारणों के बिना किसी तृतीय पक्ष/मुख्तारनामा धारक के माध्यम से प्रतिनिधित्व करता है;

**8.** एएचएफएल की शाखा/कार्यालय से संपर्क करें, जो ऋण आवेदन में दिए गए ग्राहक के आवासीय या व्यावसायिक पते से दूर हो, जब दिए गए पते के पास एएचएफएल शाखा/कार्यालय हो;

**9.** बैंकखाते के विवरण/एकाधिक खातों में कई हस्तांतरणों को समझाने या संतुष्ट करने में असमर्थ हो;

**10.** निधि के स्रोत के उचित औचित्य के बिना असंबंधित तृतीय पक्ष खातों के माध्यम से किया गया प्रारंभिक योगदान;

**11.** ऋण राशि के अंतिम उपयोग के उचित औचित्य के बिना और ऋण के अंतिम उपयोग के अनुपात के बिना टॉप-अप ऋण और/या इक्विटी ऋण प्राप्त करना;

**12.** ऋण की मंजूरी के लिए आय के संदिग्ध साधन का सुझाव देना;

**13.** जहां लेन-देन का आर्थिक अर्थ न हो;

**14.** धोखाधड़ी का पता चलना; ग्राहक से किसी भी शाखा द्वारा प्राप्त जाली नोटों की सूचना एनएचबी/आरबीआई परिपत्र/अधिसूचनाओं के अनुसार दी जाएगी;

**15.** अज्ञात स्रोत के साथ असामान्य वित्तीय लेन-देन;

**16.** गैर-संबद्ध या अज्ञात तृतीय पक्षों से प्राप्त भुगतान और शुल्क के लिए नकद भुगतान, जब यह भुगतान का एक विशिष्ट तरीका नहीं होगा;

**17.** ऋण के वास्तविक लाभार्थी और खरीदे जाने वाले फ्लैट के लाभार्थी पर गंभीर संदेह है;

**18.** फर्जी बैंक खाता खोलकर ऋण राशि का नकदीकरण;

**19.** ऋण के लिए आवेदन करना यह जानते हुए कि वित्तपोषित की जाने वाली संपत्ति/आवास इकाई को पहले वित्त पोषित किया गया है और यह बकाया है और इसे छिपाया जा रहा है;

**20.** बिक्री के समझौते में उल्लिखित बिक्री राशि असामान्य रूप से खरीद के क्षेत्र में अधिसूचित प्रकाशित दरों की तुलना में अधिक/कम है;

**21.** एक ही संपत्ति/आवास इकाई के लिए बहु-निधिकरण;

**22.** किसी तृतीय पक्ष के पक्ष में भुगतान के लिए अनुरोध करना, जिसका लेनदेन से कोई संबंध नहीं है;

**23.** ग्राहक द्वारा विक्रेता/बिल्डर/डेवलपर/ब्रोकर/एजेंट आदि के साथ मिलीभगत से ऋण राशि का उपयोग और निर्धारित किए गए उद्देश्य के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए इसका उपयोग करना।

**24.** एनजीओ/धर्मार्थ संगठन/लघु/मध्यम प्रतिष्ठान (एसएमई)/स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)/सूक्ष्म वित्त समूह (एमएफजी) को शामिल करते हुए बहु-वित्त पोषण/वित्तपोषण

**25.** पते में परिवर्तन के लिए बार-बार अनुरोध;

**26.** अधिक भुगतान की गई राशि वापस करने के अनुरोध के साथ किश्तों का अधिक भुगतान।

**27.** अपेक्षा से अधिक/कम कीमत पर या सरकार द्वारा अधिसूचित दरों पर रियल एस्टेट में निवेश।

***************************